Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025
RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक-013/रायगढ़/2020-2022

संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

26 जनवरी गणतंत्र दिवस

# दैनिक घटती घटना

www.ghatatighatana.com गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं... ghatatighatana1.@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 86 रविवार 26 जनवरी 2025 , पृष्ठ - 8+4 मूल्य 3 रूपये

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की 76 वीं वर्षगांठ के अवसर पर घटती-घटना परिवार की ओर से समस्त देशवासियों, प्रदेशवासियों एवं जिलेवासियों समेत घटती-घटना के स्नेही पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं शुभचितंकों को अशेष बधाई एवं शुभकामनायें..

शुभकामनाओं सहित
संपादक

**सूचना**

दैनिक घटती-घटना के सुधिपाठकों, विज्ञापनदाताओं,शुभचिंतको एवं सहयोगियों को सूचित किया जाता है कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2025 को घटती-घटना कार्यालय में अवकाश रहेगा ।

अतः प्रकाशन का अगला अंक दिन-मंगलवार 28 जनवरी 2025 को प्रकाशित होगा।

व्यवस्थापक

# राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का राष्ट्र के नाम संदेश

» संविधान हमारी सामूहिक अस्मिता का आधार

» राष्ट्र के नाम संबोधन में बोलीं राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू

**नई दिल्ली,25 जनवरी 2025 (ए)।** 76 वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू ने शनिवार (25 जनवरी 2025) को राष्ट्र के नाम संबोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर मैं आप सबको हार्दिक बधाई देती हूं।

उन्होंने कहा, इस ऐतिहासिक अवसर पर आप सबको संबोधित करते हुए मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर मैं,आप सबको हार्दिक बधाई देती हूं आज से 75 वर्ष पहले, 26 जनवरी के दिन ही, भारत गणराज्य का आधार ग्रंथ यानी भारत का संविधान, लागू हुआ था।

राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू ने कहा, इस वर्ष, हम भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मना रहे हैं। वे ऐसे अग्रणी स्वाधीनता सेनानियों में शामिल हैं जिनकी भूमिका को राष्ट्रीय इतिहास के संदर्भ में अब समुचित महत्व दिया जा रहा है।



## डिजिटल पेमेंट को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू बोलीं

राष्ट्रपति ने राष्ट्र के नाम संबोधन में डिजिटल पेमेंट का जिक्र किया. उन्होंने कहा,डिजिटल भुगतान के कई विकल्पों के साथ-साथ प्रत्यक्ष बेनिफिट ट्रांसफर की प्रणाली ने समावेशन को बढ़ावा दिया है, जिससे बड़ी संख्या में लोगों को फॉर्मल सिस्टम में शामिल किया जा सका है।. इसके कारण सिस्टम में अभूतपूर्व पारदर्शिता भी आई है।

## हमारे किसान भाई-बहनों ने आत्मनिर्भर बनाया-राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू ने कहा, न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता केवल सैद्धांतिक अवधारणाएं नहीं हैं जिनका परिचय हमें आधुनिक युग में प्राप्त हुआ हो। ये जीवन-मूल्य तो सदा से हमारी सभ्यता और संस्कृति का अंग रहे हैं। भारत के गणतांत्रिक मूल्यों का प्रतिबिंब हमारी संविधान सभा की संरचना में भी दिखाई देता है। उस सभा में देश के सभी हिस्सों और सभी समुदायों का प्रतिनिधित्व था। सबसे अधिक उल्लेखनीय बात यह है कि संविधान सभा में सरोजिनी नायडू, राजकुमारी अमृत कौर, सुचेता कृपलानी, हंसाबेन मेहता और मालती चौधरी जैसी 15 असाधारण महिलाएं भी शामिल थीं।राष्ट्रपति ने कहा कि भारत के किसानों से कड़ी मेहनत की है और देश को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया है। उन्होंने कहा, हमारे किसान भाई-बहनों ने कड़ी मेहनत की और हमारे देश को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया। हमारे मजदूर भाई-बहनों ने अथक परिश्रम करके हमारे इंफ्रास्ट्रक्चर और मैनुफैक्चरिंग सेक्टर का कायाकल्प कर दिया. उनके शानदार प्रदर्शन के बल पर आज भारतीय अर्थ-व्यवस्था विश्व के आर्थिक परिदृश्य को प्रभावित कर रही है।

## भारत के आर्थिक विकास दर को लेकर राष्ट्रपति ने क्या कहा?

राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू ने कहा कि भारत का आर्थिक विकास दर आसमान छू रहा है। उन्होंने कहा, हाल के वर्षों में, आर्थिक विकास की दर लगातार ऊंची रही है, जिससे हमारे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं, किसानों और मजदूरों के हाथों में अधिक पैसा आया है तथा बड़ी संख्या में लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। साहसिक और दूरदर्शी आर्थिक सुधारों के बल पर, आने वाले वर्षों में प्रगति की यह रफ्तार बनी रहेगी।

## महाकुंभ की जिक्र कर क्या बोलीं राष्ट्रपति?

राष्ट्रपति मूर्मू ने कहा, हमारी सांस्कृतिक विरासत के साथ हमारा जुड़ाव और अधिक गहरा हुआ है। इस समय आयोजित हो रहे प्रयागराज महाकुंभ को उस समृद्ध विरासत की प्रभावी अभिव्यक्ति के रूप में देखा जा सकता है। हमारी परंपराओं और रीति-रिवाजों को संरक्षित करने और उनमें नई ऊर्जा का संचार करने के लिए संस्कृति के क्षेत्र में अनेक उत्साह-जनक प्रयास किए जा रहे हैं। इसरो की हालिया सफलता को लेकर राष्ट्रपति ने कहा, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने हाल के वर्षों में अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में बहुत बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। इस महीने,इसरो ने अपने सफल स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट से देश को एक बार फिर गौरवान्वित किया है. भारत अब विश्व का चौथा देश बन गया है जिसके पास यह क्षमता उपलब्ध है।

राष्ट्रपति ने कहा, मैं, एक बार फिर, आप सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई देती हूं। देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले हमारे सैनिकों के साथ-साथ सीमाओं के भीतर देश को सुरक्षित रखने वाले पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवानों को भी में बधाई देती हूं। न्यायपालिका, सिविल सेवाओं और विदेशों में हमारे मिशनों के सदस्यों को भी मेरी बधाई।

## महत्वपूर्ण खबर

# तहव्वुर राणा भारत लाया जाएगा



### अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट से प्रत्यर्पण को हरी झंडी

**नई दिल्ली,25 जनवरी 2025(ए)।** मुंबई हमले (26/11) के दोषी तहव्वुर राणा को जल्द भारत लाया जाएगा। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 21 जनवरी को उसकी प्रत्यर्पण अपील खारिज कर दी।

# बांके बिहारी मंदिर को केंद्र सरकार से मिला एफसीआरए लाइसेंस



### अब विदेशी भक्त दे सकेंगे दान

**वृंदावन,मथुरा,25 जनवरी 2025( ए)।** केंद्र सरकार ने वृंदावन के प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर को विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम , 2010 के तहत लाइसेंस प्रदान कर दिया है। इसके साथ ही अब विदेशी भक्त मंदिर में खुले दिल से दान कर सकेंगे।यह लाइसेंस मंदिर की प्रबंधन समिति द्वारा आवेदन करने के बाद और कोर्ट की मंजूरी के उपरांत दिया गया।

# अशोभनीय मैसेज पर महिला वकील ने आपत्ति जताई



**नई दिल्ली,25 जनवरी 2025(ए)।** दिल्ली की एक वकील तान्या शर्मा ने उबर कैब ड्राइवर की अभद्रता को लेकर सोशल मीडिया पर अपनी कहानी शेयर की. जिसके बाद महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर बहस छेड़ दी है. तान्या ने बताया कि उन्होंने उबर ऐप से कैब बुक की, लेकिन बुकिंग के कुछ ही मिनटों बाद ड्राइवर ने उन्हें अशोभनीय मैसेज भेजने शुरू कर दिए. यह घटना दिल्ली के पॉश इलाके में हुई, जिसे तान्या ने अपने जीवन का सबसे परेशान करने वाला अनुभव बताया. इस मैसेज से जुड़े उन्होंने स्क्रीन शॉट भी शेयर किया.

# एटीएस के छापे में मिला नोटों का जखीरा

» ऊर्जा विकास निगम के 109 करोड़ रुपये की अवैध निकासी का है मामला

» झारखण्ड से बंगाल के खातों में ट्रांसफर हुए रुपये



**रांची,25 जनवरी 2025(ए)।** झारखंड सरकार के ऊर्जा विकास निगम से 109 करोड़ रुपए अवैध निकासी मामले में झारखंड एटीएस की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। मामले में एक आरोपी के घर छापेमारी कर एटीएस की टीम ने 60 लाख रुपये नगद बरामद किए हैं। झारखंड एटीएस के एसपी ऋषभ झा ने बताया कि छापेमारी में भारी मात्रा में नगद पैसे मिले हैं।

### खातों से करोड़ों रूपये हुए थे गायब

झारखंड सरकार के महत्वपूर्ण उपक्रम पर्यटन विकास निगम लिमिटेड, झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड और झारखंड ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड के खाते से लगभग 109 करोड़ रुपये गायब करने के मामले में जांच जारी है। इस दौरान एटीएस ने रांची के डोरंडा इलाके में रहने वाले राम लखन यादव के यहां छापेमारी कर 60 लाख रुपये नगद बरामद किए हैं। झारखंड एटीएस के एसपी ऋषभ झा ने बताया कि छापेमारी के दौरान अब तक 60 लाख रुपए नगद बरामद किए गए हैं। दो लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है.

### बैंक अधिकारियों की भूमिका हुई उजागर

इस मामले में अब तक छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें जेटीडीसी के तत्कालीन लेखपाल गिरिजा सिंह, केनरा बैंक हटिया के तत्कालीन शाखा प्रबंधक अमरजीत कुमार, साजिशकर्ता रूद्र उर्फ समीर, रांची के रहने वाले लोकेश्वर शाह, रांची के बिरसा चौक स्थित सेंट्रल बैंक के शाखा प्रबंधक लोलस लकड़ा और इलाहाबाद बैंक के अमर कुमार शामिल हैं।

### 350 खातों में जमा 47 करोड़ सीज

मामले में पुख्ता सबूत मिलने के बाद करीब 350 खातों में पड़े 47 करोड़ 20 लाख रुपए को फ्रीज करवाया गया है। इस केस में एक करोड़ 93 लाख रुपए नकदी और 17 लाख रुपए के जेवर अब तक बरामद किए गए।

एसआईटी ने पूर्व में गिरफ्तार लोकेश्वर साहू की निशानदेही पर विभिन्न बैंक खातों में जमा 76 लाख रुपये भी फ्रीज किए हैं। बिहार के सीवान जिले के बसंतपुर थाना के बड़कागांव के रहने वाले श्रवण कुमार शर्मा को 16 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था। उसके द्वारा अपराध में प्रतिनियुक्त मोबाइल और सिम को बरामद किए गए। स्क्वॉड टीम इनकी जांच कर रही है। इस मामले में दो अन्य लोगों को हिरासत में लिया गया है जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है। जांच के दौरान ओबरिया रोड एकता नगर स्थित शांति कंस्ट्रक्शन के ऑफिस से 37 लाख 18 हजार 500 रुपये एसआइटी ने बरामद किये थे। इसके बाद यह बात सामने आयी थी कि बैंक मैनेजर लोलस लकड़ा ने ऊर्जा निगम का उक्त पैसा बिल्डर को रियल इस्टेट में निवेश के तौर पर दिया था।

### इस तरह उजागर हो रहा घोटाला

इस मामले में अब तक सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. जिसमें जीटीडीसी के तत्कालीन लेखपाल सह कैशियर गिरिजा प्रसाद सिंह, केनरा बैंक हटिया के तत्कालीन शाखा प्रबंधक अमरजीत कुमार, लोकेश्वर साहू और रुद्र सिंह जिन्हें साजिशकर्ता बताया गया है। इसके साथ ही रांची के बिरसा चौक स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक लोलस लकड़ा और इलाहाबाद बैंक के अमर कुमार शामिल हैं. इन लोगों की पहले ही गिरफ्तारी हो चुकी है। अब तक एसआईटी टीम ने लगभग 350 बैंक खातों में जमा 47.20 करोड़ रूपयों को फ्रिज कराया है। जबकि इस केस में 1.84 करोड़ नकद बरामद किया है। लगभग 17 लाख रुपये के गाहने भी बरामद किए हैं।

### घोटाले का बंगाल कनेक्शन आया सामने

एसआईटी टीम को जांच में यह भी पता चला है कि झारखंड सरकार के ऊर्जा विकास निगम के 109 करोड़ रुपये की अवैध निकासी मामले का मुख्य मास्टरमाइंड पश्चिम बंगाल के कोलकाता का रहने वाला है। इस मास्टरमाइंड ने अपने सहयोगियों और बैंक कर्मियों और कुछ सरकारी कर्मियों की मदद से इस पूरे घोटाले को अंजाम दिया है।

### हजारों सिमकार्ड का किया गया इस्तेमाल

मामले की जांच कर रही है एसआईटी को यह जानकारी मिली है कि बंगाल के हजारों सिम कार्ड का प्रयोग कर दर्जनों की संख्या में खाते खुलवाकर बंगाल के विभिन्न हिस्सों में अवैध निकासी के पैसे ट्रांसफर किए गए हैं। मामले की जांच कर रही एसआईटी की टीम ने अब तक 350 खातों में पड़े 47 करोड़ 20 लाख रुपए फ्रीज करवाया है। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि सरकारी पैसे की निकासी में बंगाल कनेक्शन सामने आया है, जिसकी जांच की जा रही है.सबसे ज्यादा पैसे बंगाल से जुड़े खातों में हस्तांतरित किए गए हैं. जिन खाताधारी के नाम जांच के दौरान उजागर हुए हैं, उनमें से करीब 600 संदिग्ध हैं। एसआईटी की जांच में कई ऐसे खाते मिले हैं, जो छोटे-मोटे कारोबारी से जुड़े हैं। सबकी जांच की जा रही है।

# बजट के ठीक पहले ही क्यों मनाई जाती है हलवा सेरेमनी?



### इसके बाद होती है तालाबंदी

**नई दिल्ली,25 जनवरी 2025 (ए)।** शुक्रवार की शाम वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हलवा सेरेमनी के साथ बजट 2025 की औपचारिक शुरुआत की। यह परंपरा न केवल भारत की बजट प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा है, बल्कि वित्त मंत्रालय के कर्मचारियों के समर्पण और प्रतिबद्धता का प्रतीक भी है। अब 1 फरवरी 2025 को यह साफ होगा कि सरकार का यह बजट देश की जनता के लिए क्या खास लेकर आएगा।हलवा सेरेमनी, जो बजट निर्माण प्रक्रिया की शुरुआत का प्रतीक है, हर साल वित्त मंत्रालय में विशेष रूप से आयोजित की जाती है। इस समारोह में वित्त मंत्रालय के रसोइये पारंपरिक तरीके से हलवा तैयार करते हैं। इसमें मुख्य रूप से सूजी, घी, चीनी और मेवों का उपयोग किया जाता है। हलवे को एक बड़े भगौने में पकाया जाता है और इस प्रक्रिया में वित्त मंत्री स्वयं उपस्थित रहती हैं। तैयार होने के बाद इसे मंत्रालय के सभी कर्मचारियों, अधिकारियों और स्टाफ में वितरित किया जाता है। हलवा सेरेमनी के बाद, बजट निर्माण प्रक्रिया में शामिल सभी अधिकारी और कर्मचारी लॉक-इन अवधि में प्रवेश करते हैं। यह अवधि बजट पेश किए जाने तक जारी रहती है, जिसमें कर्मचारी बाहरी संपर्क से पूरी तरह कट जाते हैं। यह प्रक्रिया बजट की गोपनीयता बनाए रखने के लिए अपनाई जाती है।

# नीट यूजी परीक्षा पैटर्न में बड़ा बदलाव,घटाया गया टाइम, हटाए गए ऑप्शनल प्रश्न

**नई दिल्ली,25 जनवरी 2025(ए)।** एनटीए ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी के परीक्षा पैटर्न को लेकर बड़ी अपडेट दी है। एनटीए ने घोषणा की है कि अब नीट यूजी परीक्षा के प्रश्न पत्र का पैटर्न और समयावधि कोविड महामारी से पहले वाले हो जाएंगे। अब कोई सेक्शन बी नहीं होगा।कोविड-19



महामारी के दौरान नीट यूजी पेपर में जो ऑप्शन प्रश्न जोड़े गए थे, उन्हें अब हटा दिया गया है। अब नीट परीक्षा में कुल 180 प्रश्न (फिजिक्स और केमिस्ट्री में 45-45 प्रश्न और बायोलॉजी में 90 प्रश्न) अनिवार्य होंगे। इसके अलावा परीक्षा की समय सीमा भी घटाकर 3 घंटे कर दी गई है।

# सड़क दुर्घटना में आर्मी अफसर और उनकी बेटी सहित तीन की दर्दनाक मौत



**वाराणसी,25 जनवरी 2025(ए)।** उत्तरप्रदेश के वाराणसी से एक हृदय विदारक हादसा सामने आया है, जिसमें सेना के नायब रिसालदार शिवजी सिंह 45 वर्ष और उनकी बेटी सोनम सिंह 22 वर्ष समेत तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना शनिवार सुबह वाराणसी-प्रयागराज नेशनल हाईवे पर छोटी खजूरी इलाके में हुई। हादसे में उनकी पत्नी और मां गंभीर रूप से घायल हो गई, जिन्हें बीएचयू ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है।




# महाकुंभ में फिर भड़की आग

**प्रयागराज,25 जनवरी 2025(ए)।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज महाकुंभ में शनिवार (25 जनवरी) को सुबह फिर आग भड़क गई। मुख्य सड़क पर सेक्टर-2 के पास खड़ी दो गाड़ियों में आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड टीम पहुंची। थोड़ी देर में आग पर काबू पाया। आगजनी की घटना के बाद आसपास के ट्रैफिक को रोका गया। आग की चपेट में आने से अर्टिगा और वेन्यू कार जल गईं। किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है।

# अवैध किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट का हुआ भंडाफोड़

**हैदराबाद,25 जनवरी 2025 (ए)।** तेलंगाना पुलिस ने राचकोंडा क्षेत्र के सरूर नगर में एक निजी अस्पताल में चल रहे अवैध किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में अब तक 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को जानकारी दी कि यह मामला 21 जनवरी को स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी की शिकायत पर दर्ज किया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक राचकोंडा कमिश्नरेट की टीम ने रंगा रेड्डी जिले के जिला चिकित्सा-स्वास्थ्य अधिकारी के साथ मिलकर 21 जनवरी को इस रैकेट का पर्दाफाश किया। अस्पताल प्रबंधन भी अवैध किडनी ट्रांसप्लांट के इस मामले में शामिल था। जांच के दौरान, अस्पताल में चार लोगों को पाया गया, जिनमें दो तमिलनाडु से आए डोनर और दो किडनी लेने वाले शामिल थे। किडनी लेने वाले पहले ही किडनी ट्रांसप्लांट करा चुके थे। चारों को बाद में गांधी अस्पताल में आगे के इलाज के लिए ट्रांसफर कर दिया गया।



स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने अस्पताल को सील कर दिया है। जांच में पाया गया कि अस्पताल के पास किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी करने की कोई अनुमति नहीं थी। गिरफ्तार किए गए 9 लोगों में अस्पताल के प्रबंध निदेशक सुमंत और दो डॉक्टर शामिल हैं. इसके अलावा, पांच मेडिकल असिस्टेंट्स को भी गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने बताया कि दो लोगों को 23 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था, जबकि बाकी सात को शनिवार को पकड़ा गया है।

# संपादकीय

## कश्मीर देश का मुकुट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कश्मीर के गांदरबल जिले में 6.5 किमी. लंबी जेड मोड़ सुरंग का उद्‌घाटन करते हुए कहा कि कश्मीर देश का मुकुट है, इसलिए मैं चाहता हूं कि यह ताज और सुंदर तथा समृद्ध हो।'उन्होंने आगे यह भी कहा, मैं बस इतना चाहता हूं कि दूरियां अब मिट गई हैं, हमें मिल कर सपने देखना चाहिए, संकल्प लेना चाहिए और सफलता हासिल करनी चाहिए।' लेकिन इस अवसर पर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला का दिया गया भाषण ज्यादा महत्त्वपूर्ण और प्रासंगिक है, जिसके अनेक निहितार्थ निकाले जा सकते हैं।उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि पंद्रह दिन के अंदर पहले जम्मू को रेलवे डिवीजन और अब टनल, इन परियोजनाओं से न सिर्फ दिल की दूरी, बल्कि दिल्ली से दूरी भी कम हो जाती है।' प्रधानमंत्री मोदी के भाषण का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री उमर ने कहा, मेरा दिल कहता है कि प्रधानमंत्री बहुत जल्द जम्मू-कश्मीर के लोगों को किया गया अपना तीसरा वादा भी पूरा करेंगे, जो राज्य का दर्जा बहाल करना है।'मुख्यमंत्री के भाषण से प्रतीत होता है कि उनका कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मोहभंग हुआ है और उन्होंने अच्छी तरह से समझ लिया है कि अगर जम्मू-कश्मीर का विकास करना है और यहां व्यवस्थित सरकार चलानी है तो प्रधानमंत्री मोदी के सहयोग से ही चला सकते हैं, टकराव से नहीं। अगर मोदी का सहयोग मिलता रहेगा तो केंद्र का अनावश्यक हस्तक्षेप भी नहीं होगा। जाहिर है कि इस पर्वतीय प्रदेश में राज्य सरकार और केंद्र के बीच सहयोग से ही लोकतंत्र मजबूत होगा, शांति और स्थिरता आएगी।आतंकवाद और अलगाववाद परास्त होगा। किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए ये आवश्यक शर्तें हैं। पिछले कुछ वर्षों के दौरान राज्य में आतंकी घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है। संतोषजनक विकास भी हुआ है जिसके कारण पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिला है।राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने अपने भाषण के जरिए समझदारी का परिचय दिया है और अच्छी बात यह है कि यहां के मुसलमान भी अच्छी तरह समझने लगे हैं कि कश्मीर का भविष्य अस्थिर, अराजकताग्रस्त और आर्थिक रूप से संकटग्रस्त पाकिस्तान जैसे देश के साथ नहीं है, बल्कि भारत जैसे लोकतांत्रिक, स्थिर और आर्थिक रूप से मजबूत देश के साथ है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला कश्मीरी अवाम की इसी सोच का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

# गणतंत्र दिवस को मनाने का तात्पर्य



प्रोफेसर शाम लाल कौशल
रोहतक-124001( हरियाणा)

हमारे देश में हर साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस केंद्र सरकार तथा राज्य सरकारों के द्वारा धूमधाम से मनाया जाता है। इस गणतंत्र दिवस को मनाए जाने का मुख्य कारण हमारे संविधान दिवस को याद करके इसके निर्माताओं का धन्यवाद करने के लिए ही है। भारतीय संविधान को 26 जनवरी, 1949 को अपनाया गया और इसे 26 जनवरी, 1950 को लागू किया गया। संविधान का मतलब होता है कुछ नियम और कायदे जो देश चलाने के लिए जरूरी होते हैं। भारत का संविधान नागरिकों के अधिकारों तथा कर्तव्यों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। भारत का संविधान संविधान सभा के सदस्यों के द्वारा बनाया गया था जिसके अध्यक्ष डॉ बी आर अंबेडकर थे। भारत का संविधान लोकतंत्र का सबसे बड़ा लिखित संविधान है इसके 251 पृष्ठ हैं। इसे श्री प्रेम बिहारी नारायण राय ज्यादा ने अपने हाथ से लिखा था।

भारतीय संविधान मैं धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद, समानता तथा बंधुत्व की बात कही गई है! भारतीय संविधान के अनुसार देश में लोकतंत्र की पार्लियामेंट्री सिस्टम आफ गवर्नमेंट को अपनाया गया है जिसके मुताबिक हर 5 साल के बाद केंद्र तथा राज्य सरकारों के लिए मतदाताओं द्वारा अपनी पसंद की सरकार चुनी जाएगी। चुनाव का कार्य स्वतंत्र चुनाव आयोग द्वारा करवाया जाएगा। संविधान के अनुसार देश राज्यों का संघ होगा जिसमें प्रदेशों में राज्य सरकारें तथा केंद्र में केंद्रीय सरकार होगी। केंद्र तथा राज्य सरकारों के कार्य तथा अधिकार का बटवारा संविधान में बताया गया है।

भारतीय संविधान के मुताबिक लोगों के कुछ मौलिक अधिकार होंगे जिनको प्राप्त करने के लिए देश के लोग स्वतंत्र न्यायपालिका का दरवाजा भी खटखटा सकते हैं, संविधान में निर्देशक सिद्धांतों का वर्णन किया गया है, इन सिद्धांतों में कुछ ऐसे कार्य हैं जो कि सरकारों के द्वारा लोकहित तथा देश की सुरक्षा के लिए लोगों से बिना कुछ लिए किए जाएंगे जैसे शिक्षा, चिकित्सा, यातायात, देश की सुरक्षा आदि।

संविधान के अनुसार भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था के निम्नलिखित चार अंग होंगे

1 विधायिका
2 कार्यपालिका
3 न्यायपालिका
4 मीडिया

विधायक का का काम देश को चलाने के लिए कानून बनाना, बजट पास करना आदि होगा।

कार्यपालिका का काम केंद्र में प्रधानमंत्री तथा मंत्री परिषद, राज्यों में मुख्यमंत्री तथा मंत्री परिषद के द्वारा शासन व्यवस्था चलाना होगा। राज्यों में संविधान के मुताबिक ठीक काम हो रहा है या नहीं इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए केंद्र सरकार के द्वारा प्रत्येक राज्य में मुख्यमंत्री की सलाह के मुताबिक गवर्नर नियुक्त किया जाएगा जो कि समय समय पर राज्य की स्थिति के बारे में अवगत कराता रहेगा लेकिन सक्रिय राजनीति में हिस्सा नहीं लेगा। न्यायपालिका संविधान की व्याख्या करेगी, केंद्र तथा राज्यों में झगड़ा होने की स्थिति में फैसला करेगी, अगर लोग निचली अदालतों के फैसले से संतुष्ट नहीं है तो सुप्रीम कोर्ट उनके मामलों का भी निपटारा करेगी। लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है मीडिया। किसी देश का मीडिया हस्तक्षेप के बिना देश से संबंधित सूचनाओं को निष्पक्षता,निडरता तथा प्रलोभन के व्यक्त करता रहेगा। समय-समय पर सरकार के कार्यों तथा नीतियों की समीक्षा करता रहेगा तथा सरकार से जनहित में सवाल भी पूछता रहेगा।




इस पृष्ठभूमि को लेकर हमारे देश में हर साल 26 जनवरी को केंद्र सरकार तथा राज्य सरकारों के द्वारा गणतंत्र दिवस बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

सवाल पूछा जा सकता है कि हमारे देश में जिन बातों को लेकर संविधान लिखा गया था और उसके मुताबिक देश को चलाने की बात कही गई थी क्या वह सब कुछ उसी के मुताबिक हो रहा है। कोई संदेह नहीं कि भारतीय लोकतंत्र अब तक संविधान के मुताबिक ही चल रहा है। लेकिन पूर्ण तौर पर देश इसके मुताबिक चल रहा है या नहीं यह विवाद का विषय है। समय समय पर विभिन्न दलों की सरकारें जन कल्याण के नाम पर इसमें संशोधन करती रही है, हालांकि संविधान निर्माताओं ने भविष्य में होने वाली सभी संभावित बातों को ध्यान में रखकर इसे लिखा था। इसमें कोई शक नहीं कि जिस दल की भी सरकार आई उसने संविधान की अपने ढंग से व्याख्या की और इसका इस्तेमाल किया। संविधान के अनुसार स्थापित स्वायत्त संस्थाएं जैसे सीबीआई, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट,ईडी आदि का अपने राजनीतिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए दुरुपयोग किया। कांग्रेस प्रशासन में सुप्रीम कोर्ट ने... सीबीआई को... पिंजरे का तोता... कहकर इसके दुरुपयोग की बात कही थी! वर्तमान सरकार के समय उपर्युक्त स्वायत्त संस्थाओं का अपने विरोधी राजनीतिक दलों के खिलाफ खूब प्रयोग किया जा रहा है। हमारे देश में यूं तो न्यायपालिका स्वतंत्र है लेकिन कभी-कभी इसके निर्णय इसके स्वतंत्र होने पर लोगों के मन में शक पैदा करते हैं। न्यायपालिका में फैसला करने में कई बार 15 से 20 वर्ष लग जाते हैं, कुछ मामलों में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार की बदबू भी आती है।

जहां तक विधायका की बात है बहुत बार यह ठीक काम नहीं करती। संसद तथा विधानसभाओं में जनप्रतिनिधि शोर शराबा करते हैं, अध्यक्ष की अनुमति के बिना बोलने की कोशिश करते हैं, बहुत सारे कानून बिना बहस के पास हो जाते हैं। बहुत बार शोर शराबे के कारण संसदीय कार्य बिना किसी कार्रवाई के ही स्थगित करना पड़ता है। कई बार ऐसे होता है कि कुछ मामलों में सुप्रीम कोर्ट सरकार के खिलाफ फैसला देता है और सरकार बहुमत के सहारे संसद में उसके खिलाफ नया कानून पास करके सुप्रीम कोर्ट की कार्रवाई को ही निष्क्रिय कर देता है। यह तो सुप्रीम कोर्ट की कार्रवाई का मजाक समझा जाएगा। बहुत बार केंद्र के इशारे पर राज्यों के गवर्नर राज्य सरकार के काम को ठीक तरीके से नहीं होने देते। हमारे देश में धर्मनिरपेक्षता के अनुसार देश का प्रशासन चलाया जाता रहा है। लेकिन इन दिनों में यह देखा गया है कि विभिन्न राजनीतिक दल जीतने के लिए धर्म का सहारा लेते हैं, विभिन्न धर्मों में फूट डलवा कर मतदाताओं को भ्रमित करते हैं। देश में चुनाव स्वतंत्र तथा निष्पक्ष होने चाहिए लेकिन आजकल चुनाव आयोग की भूमिका तथा ईवीएम पर ही संदेह प्रकट किये जा रहे हैं। हमारी चुनाव प्रणाली में आजकल विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव जीतने के लिए मतदाताओं को मुफ्त की रेवड़ियि बांटने का जो सिलसिला शुरू हुआ है उसे राजनीतिक भ्रष्टाचार ही कहा जाएगा। हमारे संविधान के अनुसार देश में समानता होनी चाहिए जो कि देखने को नहीं मिलती। हमारे देश में धन तथा संपत्ति का बटवारा बड़े-बड़े कॉरपोरेटियों के पक्ष में है और गरीब लोगों को सरकार 5 किलो अनाज मुफ्त में देकर उनका पेट पाल रही है जबकि चाहिए था यह कि देश में रोजगार ज्यादा मिलता, कीमतों पर नियंत्रण होता, गरीबी दूर होती। संविधान के निर्देशक सिद्धांतों के विपरीत शिक्षा, चिकित्सा, पीने का पानी, यातायात आदि मुफ्त में सरकार के द्वारा लोगों के लिए उपलब्ध करने के बदले में निजी क्षेत्र के द्वारा ऊंचे ऊंचे भावों के ऊपर लोगों को दिए जा रहे हैं।

जहां तक भारतीय लोकतंत्र में मीडिया की बात है इसकी स्वतंत्रता तथा निष्पक्षता कहीं देखने को नहीं मिलती। चाहे प्रिंट मीडिया हो या फिर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया हो ये सब सच्चाई बयान नहीं करते। जो कुछ सरकार इनको कहती है वहीं कुछ यह लोगों को बताते हैं। मीडिया सरकार से कोई सवाल नहीं पूछ सकता, सरकारी नीतियों की आलोचना नहीं कर सकता। मीडिया का स्वतंत्र ना होना देश की आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक स्थिति का ठीक ठीक ज्ञान प्राप्त करने में कठिनाई पैदा करता है। मीडिया के ऊपर बड़े-बड़े कॉरपोरेटियों ने कब्जा कर रखा है जो कि सरकार की नीतियों का समर्थन करते हैं और उसके बदले में सरकार से किसी न किसी कार्य को प्राप्त करके पुरस्कृत होते हैं। यही कारण है कि समय-समय पर सरकार के ऊपर संविधान की अवहेलना करने का आरोप लगाया जाता है।वह बात अलग है कि सत्ता पक्ष तथा विपक्ष एक दूसरे के ऊपर संविधान की अवहेलना करने का आरोप तथा प्रत्यारोप लगाते रहते हैं। इसमें कोई शक नहीं कि सत्ता पक्ष सदन में अपने बहुमत का दुरुपयोग तो करता ही है।

बेशक सत्ता पक्ष तथा विपक्ष संविधान के मुताबिक अपना काम ना कर रहे हो लेकिन इसके बावजूद भी कुल मिलाकर देश का प्रशासन संविधान के मुताबिक ही चल रहा है। इसका बड़ा सबूत यह है कि हम अपना गणतंत्र दिवस हर साल बहुत शान और शौकत से मनाते आ रहे हैं। जिस भावना को लेकर हमारे संविधान निर्माताओं ने संविधान को बनाया था अगर उस पर ईमानदारी से अमल किया जाए तो भारत के विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र को दुनिया की नजर में और भी ज्यादा इज्जत से देखा जाएगा।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## कविता
## गणतंत्र दिवस



घटती-घटना
मोनिका डागा
तमिलनाडु,चेन्नई

भारतवासी हैं हम अपना ध्वज ऊंचा शान से फहरायेंगे,
गणतंत्र दिवस प्यारा राष्ट्रीय पावन पर्व अपना मनाएंगे,
देश हमारा सबसे प्यारा और सुदृढ़ यहां न्याय प्रणाली,
विविध खानपान, भाषाएं व वेशभूषा कई रंगों वाली ।
यहां जनता के लिए जनता द्वारा प्रतिनिधि चुना जाता,
जनता के खातिर जी जान से वो राष्ट्रीय धर्म निभाता,
एकजूट हो हम बनाएं जन्मभूमि, कर्मभूमि को जन्नत,
न्याय व्यवस्था का पालन करें हम और देश हो उन्नत ।
स्वतंत्रता के खातिर तन, मन,धन सब न्यौछावर किया,
जंजीरों को तोड़ने के लिए कितने वीरों ने बलिदान दिया,
सदा तिरंगे का हम करें सम्मान राष्ट्र का परचम फैलाएं,
शक्तिशाली, प्रगतिशाली, सुरक्षित भविष्य सबका बनाएं ।
मजबूत है हमारा गणतंत्र सशक्त शक्तिमान भारत देश,
विश्व में बुलंद जिसका प्रतिभाशाली चमत्कृत परिवेश,
सबको समान अधिकार दिया, नहीं यहां कोई भेदभाव,
आनंद, प्रेम, विश्व बंधुत्व बसा जन-जन में सुंदर भाव ।
आओ मिलकर मातृभूमि के वीरों को शत शत नमन करें,
गणतंत्र दिवस मना कर उन्हें आभार व स्नेह अर्पण करें,
हमेशा नियमों का पालन कर संविधान का नित मान रखें,
कर्तव्यनिष्ठ बन देश की विश्व में अग्रणी श्रेष्ठ पहचान रखें ।

# गणतंत्र के 76 साल:हमने क्या खोया और क्या पाया



डॉ सत्यवान सौरभ
बड़वा (सिवानी)
भिवानी,हरियाणा

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से भारत ने अनेक क्षेत्रों में प्रगति की है। भारत ने साहित्य, खेल, कृषि, विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहित कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है। भारत ने अपनी विविध संस्कृति को संरक्षित करते हुए उसे गहरा अर्थ दिया है। भारत विकास में आगे बढ़ गया है। सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, सैन्य, खेल और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में राष्ट्र ने अपनी पहचान स्थापित की है। इस विकास यात्रा में नए कीर्तिमान स्थापित हुए हैं। वर्तमान में भारत को एक मजबूत देश माना जाता है। यह इस क्षण में नहीं है। आज विश्व की नजर भारत पर है। देश ने अपने आंतरिक मुद्दों और कठिनाइयों के बावजूद पिछले वर्षों में कुछ ऐसा हासिल किया है जो विश्व को आकर्षक लगता है। ऐसी कुछ बातें हैं जिन पर राष्ट्र को गर्व हो सकता है, और ऐसी कुछ बातें भी हैं जिन पर खेद व्यक्त किया जा सकता है। 26 जनवरी, 2025 को अपना 76वां गणतंत्र दिवस मनाने के लिए तैयार है, जो अपने देश की स्वतंत्रता और अखंडता के लिए लड़ने वाले असंख्य लोगों के लक्ष्यों, सिद्धांतों और बलिदानों की एक मार्मिक याद दिलाता है। इस लम्बे समय में हमने जो कुछ पाया और खोया है, उसके बारे में परस्पर विरोधी भावनाएं हैं। इस मामले में ÷क्या खो गया÷ प्रश्न गलत प्रतीत होता है। क्योंकि जिसने पा लिया वह खो गया। हमारा गणतंत्र और हमारी स्वतंत्रता दोनों ही नये थे। इस प्रकार, हमने इसकी खोज की। स्वाभाविक रूप से, जो को उतना नहीं मिला जितना वह हकदार था। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद, एक गणतंत्र की स्थापना हुई। इस स्वतंत्रता और गणतंत्र को बचाए रखने की क्षमता सबसे बड़ी उपलब्धि है। पिछले 25 वर्षों से हम लगातार सीमापार छद्म संघर्षों तथा घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद के बावजूद अपने देश की विविधता और एकता को बनाए रखने में सफल रहे हैं। भारत को मुख्यतः तीन प्रकार की कठिनाइयों का सामना



करना पड़ा। भारतीय समाज की विविधता को ध्यान में रखते हुए भारत को एकजुट करने का रास्ता खोजना पहली और सबसे बड़ी चुनौती थी। आकार और विविधता की दृष्टि से भारत किसी भी महाद्वीप के बराबर था। विविध संस्कृतियों और धर्मों के अलावा, कुछ लोग अलग-अलग बोलियाँ भी बोलते हैं। उस समय लोगों का मानना था कि इतनी विविधता वाला देश लंबे समय तक एकजुट नहीं रह सकता। एक तरह से देश के विभाजन को लेकर लोगों की आशंकाएं सच हो गईं। क्या भारत अपनी एकता बनाये रख पायेगा? क्या यह अन्य लक्ष्यों की अपेक्षा राष्ट्रीय एकता को प्राथमिकता देगा? क्या ऐसी क्षेत्रीय और उप-क्षेत्रीय पहचान को अस्वीकार कर दिया जाएगा? उस समय का सबसे ज्वलंत और पीड़ादायक प्रश्न यह था कि भारत की क्षेत्रीय अखंडता को कैसे बनाए रखा जाए। इससे देश के भविष्य को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा हो गईं। लोकतंत्र को अक्षुण्ण बनाए रखना दूसरी चुनौती थी। भारतीय संविधान के बारे में सभी जानते हैं। जैसा कि आप जानते हैं, संविधान के तहत प्रत्येक नागरिक को वोट देने का अधिकार और मौलिक अधिकार प्राप्त हैं। भारत ने प्रतिनिधि लोकतंत्र के अंतर्गत संसदीय शासन को अपनाया। इन गुणों से यह सुनिश्चित हो गया कि राजनीतिक चुनाव लोकतांत्रिक वातावरण में होंगे। यद्यपि लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए लोकतांत्रिक संविधान आवश्यक है, परंतु यह अपर्याप्त है। संविधान के अनुसार लोकतांत्रिक व्यवहार लागू करना एक और चुनौती थी। तीसरी कठिनाई विकास की थी। गणतंत्र दिवस पर हम आत्मचिंतन करते हैं और सोचते हैं कि हमने क्या खोया और क्या पाया। गणतंत्र दिवस पर हम अपनी उपलब्धियों और असफलताओं का आकलन करते हैं। इसके अलावा, हम भविष्य में आने वाली चुनौतियों और लक्ष्यों पर भी विचार करते हैं। अब समय आ गया है कि हम रुककर सोचें कि वर्षों की इस यात्रा में हमने क्या खोया और क्या पाया। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से भारत ने अनेक क्षेत्रों में प्रगति की है। भारत ने साहित्य, खेल, कृषि, विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहित कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है। भारत ने अपनी विविध संस्कृति को संरक्षित करते हुए उसे गहरा अर्थ दिया है। भारत विकास में आगे बढ़ गया है। सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, सैन्य, खेल और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में राष्ट्र ने अपनी पहचान स्थापित की है। इस विकास यात्रा में नए कीर्तिमान स्थापित हुए हैं। वर्तमान में भारत को एक मजबूत देश माना जाता है। यह इस क्षण में नहीं है। आज विश्व की नजर भारत पर है। देश ने अपने आंतरिक मुद्दों और कठिनाइयों के बावजूद पिछले वर्षों में कुछ ऐसा हासिल किया है जो विश्व को आकर्षक लगता है। ऐसी कुछ बातें हैं जिन पर राष्ट्र को गर्व हो सकता है, और ऐसी कुछ बातें भी हैं जिन पर खेद व्यक्त किया जा सकता है।

## कविता
## प्रजातंत्र का तंत्र




घटती-घटना
प्रियंका सौरभ
आर्यनगर,हिसार
हरियाणा




भारत के गणतंत्र की,
ये कैसी है शान।
भूखे को रोटी नहीं,
बेघर को पहचान॥
सब धर्मों के मान की,
बात लगे इतिहास।
एक-दूजे को काटते,
ये कैसा परिहास॥
प्रजातंत्र का तंत्र अब,
लिए खून का रंग।
धरम-जात के नाम पर,
छिड़ती देखो जंग॥
पहले जैसे कहाँ रहे,
संविधान के मीत।
न्यारा-न्यारा गा रहा,
हर कोई अब गीत॥
विश्व पटल पर था कभी
भारत का सम्मान।
लोभी नेता देश के,
लूट रहे वह मान॥
रग-रग में पानी हुआ,
सोये सारे वीर।
कौन हरे अब देश में
भारत माँ की पीर॥
मुरझाये से अब लगे,
उत्थानो के फूल।
बिखरे है हर राह में,
बस शूल ही शूल॥
आये दिन ही बढ़ रहा,
देखो भ्रष्टाचार।
वैद्य ही जब लूटते,
करे कौन उपचार॥
कैसे जागे चेतना,
कैसे हो उद्घोष।
कर्णधार ही देश के,
लेटे हो बेहोश॥

## अब्तर (मुल्यहीन )कोई नहीं...समतामूलक संविधान






जयंती खुटे
चिल्हाटी बिलासपुर छत्तीसगढ़

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं....

दोस्तों हम सभी हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस को मनाते हैं, हर 26 जनवरी को हम थकते नहीं संविधान के गुणगान करते हुए, बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर को याद करते हुए। उसके बाद जाति भेदभाव उच्च-नीच फिर से चलन में हो जाता है ऐसा क्यों करते हैं लोग,भारत सभ्य संस्कृतियों वाला देश है.... सभी धर्मों को समानता का अधिकार है, यह जगह-जगह भाषण देते थकते नहीं, फिर कुछ क्षण बात ऐसा क्या हो जाता है कि लोग एक दूसरे के जान लेने पर उतारू हो जाते हैं कभी कोई किसी का इख्तियार छीन रहा कभी जाति की गलीज÷ लेकर नीचा दिखा रहा.... किसी के आस्था को ठेस पहुंच कर बड़ी सलीके से फहम की बात करते हैं। हम यह क्यों नहीं समझ लेते कि हमें कोई अधिकार नहीं है किसी को नीचा दिखाने का, किसी को दबाने का, किसी की आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने का..... मंदिर -मस्जिद की लड़ाई में न जाने कितनी जान गई और अभी भी जा ही रही है ऐसा लगता है यह सिलसिला चलताही रहेगा....अब्तर कोई नहीं.... अपने में सब अलीम है....सब मिलजुल कर रहें साथ रहें... जय हिंद.. जय भीम...

# 26 जनवरी गणतंत्र दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व



अशोक पटेल आशु
तुस्मा,शिवरीनारायण, छत्तीसगढ़




26 जनवरी गणतंत्र दिवस हमारे देश का सबसे बड़ा राष्ट्रीय पर्व है,जिसको मनाने के लिए हमारे देश की जनता आतुर होती रहती है और धूम-धाम के साथ तैयारी में लग जाती है।यह पर्व हमारे लिए विशेष महत्व रखता है, जिसको मनाने के लिए तन-मन मे आशा-विश्वास,और उत्साह के साथ राष्ट्रीयता की भावना अनायास ही जग जाती है। गणतन्त्र दिवस हमारे लिए वह पर्व है, जिसने हमारी खोई हुई अस्मिता,खोया हुआ स्वाभिमान, खोया हुआ अधिकार,खोया हुआ सम्मान हमे वापस दिलाने के लिए एक नई इबादत लिख दिया था।जिसके कारण आज हम अमन चैन के साथ, स्वतन्त्रता के साथ भारत की पावन मिट्टी में स्वतंत्र होकर जी पा रहे हैं।आइए हम नमन करें,आभार प्रदर्शन करें, उन महापुरुषों को,उन महान स्वतंत्रता सेनानियों को जिन्होंने अपना तन-मन धन समर्पित कर देश की आन-बान-शान मर्यादा, स्वाभिमान को बचाए रखने में अपनी महती भूमिका निभाई है।जिन्होंने अपने प्राणों की बलि देकर हमारे देश को आजाद कराया।उनको नमन करें,जिनके चलते आज हम चैन की सांस ले पा रहे हैं।इस आजादी से हमारी अपनी लोकतंत्र की स्थापना हो पायी।यह हमारे लिए सबसे बड़ा उपहार था।इस उपहार को पाकर हमे यूँ ही नही भूलना चाहिए।इस उपहार के लिए हमारे देश के महापुरुषों ने जो त्याग,बलिदान,समर्पण किया है उसे भुलाया नही जा सकता।जिनमे डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद जी,पंडित जवाहर लाल नेहरू जी,डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जी के योगदान को सदा याद किया जाना चाहिए,जिन्होंने हमारे देश के संविधान को मूर्त रूप दिया।जिन्होंने हमारे देश की जनता को यह संविधान समर्पित किया।हर साल हम 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाते हैं इस वर्ष भी हम 75 वाँ गणतंत्र दिवस मनाने जा रहे हैं, इसी दिन हमारे देश का संविधान लागू किया गया था।और इस सविधान में ये संकल्पना की गई है कि हमारे देश मे भय, भूख, गरीबी, अशिक्षा, असमानता,गुलामी हमेशा-हमेशा के लिए खत्म हो जाए।इसके लिए पंडित जवाहर लाल नेहरू 31 दिसम्बर 1930 को रावी नदी के तट पर धरना पर आते हुए पूर्ण स्वाधीनता दिवस 26 जनवरी को मनाने की घोषणा की थी। और वह शुभ दिन आया भी। 1947 में स्वतंत्रता की प्राप्ति के पश्चात डॉ राजेन्द्र प्रसाद जी संविधान सभा मे अध्यक्ष के रूप में चुने गए।और वे इसके अस्थायी सांसद के रूप में कार्य भी किया।संविधान बनाने के लिए डॉ भीमराव अम्बेडकर के योगदान को कभी भुलाया नही जा सकता जिनकी भूमिका अहम मानी जाती है। 26 नवंबर 1949 का दिन को अहम माना जाता है,वह दिन इतिहास में स्वर्ण अक्षर में अंकित हो गया।इस तरह से संविधान सभा ने डॉ.बी.आर. आंबेडकर की अध्यक्षता में जो प्रारूप तैयार किया था।उसको स्वीकार किया।और इसी रूप में संविधान 26 जनवरी, 1950 को लागू हुआ। जिसको बनाने में 2 वर्ष 11 माह 18 दिन लगा था।तो आइए ऐसे विश्व से अलग और महान भारत के इस संविधान का हम मान-सम्मान करें।जिसने हमे,सब कुछ देने के लिए कृत संकल्पित हैं।और हम यह संकल्प करें कि हमारे देश से भय,भूख, गरीबी, अशिक्षा, भ्रष्टाचार,असमानता, अराजकता, आतंकवाद, आदि का खात्मा करें।और रामराज्य के सपनो को साकार करने के लिए कृत संकल्पित हो जाएँ। तभी यह26 जनवरी का गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व सार्थक हो सकेगा।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक

# अंबिकापुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,बलरामपुर में लक्ष्मी राजवाड़े व सूरजपुर में नेताम करेंगे ध्वजारोहण





अंबिकापुर/सूरजपुर/बलरामपुर, 25 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

76 वां गणतंत्र दिवस रविवार को तीनों जिला मुख्यालय में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर आकर्षक मार्च पास्ट, रंगारंग देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। साथ ही शहीदों के परिजनों को सम्मानित भी किया जाएगा। सरगुजा के जिला मुख्यालय अंबिकापुर स्थित पीजी कॉलेज मैदान में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। वहीं सूरजपुर जिला मुख्यालय में कृषिमंत्री रामविचार नेताम व बलरामपुर में महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ध्वजारोण करेंगी। अंबिकापुर के पीजी कॉलेज ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण, इसके पश्चात् 9:47 से 9:50 तक हर्ष फायर एवं राष्ट्रपति की जय के नारे 9:52 से 10:04 तक मार्च पास्ट/परेड किया जाएगा। फोटाग्राफी, शहीद परिवार के परिजनों से भेंट कार्यक्रम, 10:20 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, 11 बजे विभागीय झांकी प्रदर्शन, 11:30 बजे सम्मान एवं पुरस्कार वितरण के पश्चात आभार प्रदर्शन किया जाएगा।

# नगर पंचायत सीतापुर एवं लखनपुर के भाजपा पार्षद प्रत्याशियों की हुई घोषणा

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,25 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

नगर निकाय चुनाव को लेकर नगर पंचायत सीतापुर एवं लखनपुर के लिए भाजपा ने अपने पार्षद प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। शनिवार को संकल्प भवन भाजपा कार्यालय अंबिकापुर में भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन में भाजपा जिला संवाद प्रमुख संतोष दास एवं जिला सह संवाद प्रमुख रूपेश दुबे ने प्रेस को संबोधित किया। प्रत्याशियों के नाम की घोषणा करते हुए संतोष दास ने बताया कि नगर पंचायत लखनपुर के लिए वार्ड क्रमांक 1 से उर्मिला खलखो, वार्ड क्रमांक 2 से विनोद कश्यप, वार्ड क्रमांक 3 से निशांत गुप्ता, वार्ड क्रमांक 4 से अमित कुमार बारी, वार्ड क्रमांक 5 से चंद्रभान सिंह, वार्ड क्रमांक 6 से शमीम खान, वार्ड क्रमांक 7 से नेहा बंसल, वार्ड क्रमांक 9 से पूनम साहू, वार्ड क्रमांक 10 से रामनारायण दुबे, वार्ड क्रमांक की 11 से बृजकिशोर पांडे, वार्ड क्रमांक 12 से संध्या देवी ठाकुर, वार्ड क्रमांक 13 से सीनू देवी, वार्ड क्रमांक 14 से संपत राम तथा वार्ड क्रमांक 15 से राजेश सारथी को भाजपा पार्षद प्रत्याशी बनाया गया है। जहां उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर 8 अनारक्षित महिला सीट पर प्रत्याशी की घोषणा बाद में की जाएगी। नगर पंचायत सीतापुर के लिए भाजपा पार्षद प्रत्याशियों के नाम की घोषणा करते हुए रूपेश दुबे ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्रमांक 2 से भवानी सिंह, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक 5 से विकास कुमार एक्का, महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक 6 से सदानंद गुप्ता, गुरु घासीदास वार्ड क्रमांक 8 से विकास लकड़ा, क्रमांक 9 राजेंद्र प्रसाद वार्ड से तेजू पैकरा, क्रमांक 11 संत कबीर वार्ड से भोलाराम मिंज, क्रमांक 12 लरंगसाय वार्ड से सनिता पैकरा, आजाद वार्ड क्रमांक 13 से प्रिया पैकरा, सुभाष चंद्र बोस वार्ड क्रमांक 14 से विवेक नामदेव तथा डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्रमांक 15 से विष्णु अग्रवाल को भाजपा ने अपना पार्षद प्रत्याशी बनाया है।



उन्होंने बताया कि वार्ड क्रमांक 1, 3, 4, 7 तथा 10 के भाजपा पार्षद प्रत्याशियों केनाम की घोषणा बाद में की जाएगी। भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने नगर पंचायत लखनपुर तथा सीतापुर के घोषित प्रत्याशियों को शुभकामनाएं देते हुए चुनाव की तैयारी में जुट जाने को कहा है।

# महापौर के लिए डॉ.अजय तिर्की ने खरीदा नामांकन फॉर्म



- संवाददाता -
अंबिकापुर,25 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

नगर निगम चुनाव के लिए महापौर व पार्षद पद के उम्मीदवारों की घोषणा अब तक भाजपा व कांग्रेस द्वारा नहीं की गई है। वहीं शनिवार को कांग्रेस की ओर से दो बार महापौर रहे डॉ. अजय तिर्की निवासी महुआपारा से नामांकन फॉर्म खरीदा है। जबकि अब तक कांग्रेस द्वारा संगठन की ओर से इनका नाम फाइनल नहीं किया गया है। जबकि पैनल में कांग्रेस से चार नाम चल रहे हैं। वहीं महापौर द्वारा नामांकन फॉर्म की खरीदी की जाने से इनके नाम को फाइनल माना जा रहा है। वहीं भाजपा की ओर से महापौर पद के लिए अब तक किसी ने नामांकन फार्म की खरीदी नहीं की है। हालांकि इच्छुक दोनों दल से कई उम्मीदवारों ने पार्षद पद के लिए बिना नाम के घोषणा के बावजूद भी नामांकन फॉर्म की खरीदी कर चुके हैं।

# आबकारी उडऩ्दस्ता टीम के आरक्षक ने ग्राहक बनकर मांग की शराब, 20.52 लीटर अवैध शराब के साथ सप्लायर गिरफ्तार

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,25 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक सप्लायर को आबकारी उडऩ्दस्ता की टीम ने गिरफ्तार किया है। आबकारी टीम ने सप्लायर से शराब की मांग की थी। सप्लायर लग्जरी कार से शराब पहुंचाने मिशन अस्पताल के पास पहुंचा था। जहां से आबकारी उडऩ्दस्ता की टीम ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। उसके कार से 20.52 लीटर मध्य प्रदेश के अंग्रेजी शराब जब्त किया गया है। टीम ने उसके खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासन द्वारा शुष्क दिवस घोषित किया गया है। वहीं उपायुक्त आबकारी विजय सेन शर्मा ने नियंत्रण के लिए उडऩ्दस्ता टीम को सख्त निर्देश दिए हुए हैं। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने अवैध शराब कारोबारियों को पकडऩे के लिए आरक्षकों को सिविल ड्रेस में मदिरा खरीदी के लिए लगा गया था। ऐसे में मध्य प्रदेश की शराब बेचने वाला सप्लायर शरणदीप सिंह उर्फ अमन सिंह के मोबाइल पर फोन कर आबकारी उडऩ्दस्ता टीम के एक आरक्षक द्वारा शराब की मांग की गई। सप्लायर शराब देने के लिए कई लोकेशन बदलता रहा। इसके बाद वह अंत में मिशन अस्पताल मोड़ स्थित एक रेस्टोरेंट के पास बुलाया। सूचना पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता टीम के साथ सिविल ड्रेस में मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर रखा था। तभी कार क्रमांक सीजी सीजी 15 ईएफ 7744 आया। आबकारी टीम ने तत्काल उसे हिरासत में लेकर कार की तलाशी ली। कार में मध्य प्रदेश की 11 बोतल ब्लेंडर प्राइड, 12 बोतल रॉयल स्टैग, 14 पाव रॉयल स्टैग तथा एक बोतल जेएनबी स्कॉच कुल 20.52 लीटर मध्य प्रदेश राज्य की विदेशी शराब पाया गया। जिसे टीम ने जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह शहर के सरदार गली निवासी हनी सिंह पिता बंटू सिंह का माल सप्लाई करने का काम करता है। टीम ने आरोपी के कब्जे से शराब के साथ-साथ घटना में प्रयुक्त कार को भी जब्त किया है। टीम ने आरोपी शरणदीप सिंह उर्फ अमन सिंह के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क)(च) 34 (2) एवं 59(क) के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।






# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मां महामाया के दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,25 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शनिवार को सरगुजा जिला प्रवास पर रहे। उन्होंने यहां अम्बिकापुर में सरगुजा की आराध्य देवी मां महामाया के दर्शन कर पूजा-अर्चना किया तथा प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री राम विचार नेताम, अंबिकापुर विधायक श्री राजेश अग्रवाल श्री विश्वविजय सिंह तोमर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# फोर्टिफाइड चावल लदे ट्रक जब्त, प्रशासनिक टीम ने की कार्रवाई

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,25 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सप्लाई की जाने वाली फोर्टिफाइड चावल प्रशासन और खाद्य विभाग के संयुक्त टीम ने शुक्रवार की रात शहर के खरसिया नाका के पास से पकड़ा है। ट्रक में फोर्टिफाइड चावल लोड था। टीम ने ट्रक को जब्त कर लिया है। यह चावल एक ट्रेडिंग सेंटर में उतारा जाना था। मामले की जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात को खाद्य विभाग को सूचना मिली कि एक मिनी ट्रक संदिग्ध रूप से अरूण ट्रेडिंग के सामने खड़ा है।



मिनी ट्रक में अवैध धान होने की सूचना दी गई। सूचना पर अंबिकापुर तहसीलदार जयेंद्र सिंह सहित खाद्य विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर जांच की तो उक्त ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीएम 8562 में फोर्टिफाइड चावल पाया गया। ट्रक में जो बोरे मिले उसका उपयोग धान बिक्री में लिया जाता है। प्रशासनिक अमले ने मिनी ट्रक को जब्त कर लिया है। फोर्टिफाइड चावल सिर्फ सार्वजनिक वितरण प्रणाली में वितरित किया जाता है। इस कारण आशंका है कि, ये चावल सार्वजनिक वितरण प्रणाली से तस्करी कर ट्रेडिंग सेंटर लाया गया था।

# ब्लड डोनेट करने अंबिकापुर आ रहे बाइक सवार युवक की हादसे में मौत,दोस्त गंभीर

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,25 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

शहर के एमजी रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार की दोपहर ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों जयनगर से ब्लड डोनेट करने अंबिकापुर आ रहे थे। घायल दोनों युवकों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां चिकित्सकों ने स्थिति को गंभीर देखते हुए एक युवक को रायपुर रेफर कर दिया था। जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार महेश सिंह पिता भीखम राम उम्र 30 वर्ष सूरजपुर जिले के जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कोरेया का रहने वाला था। महेश अपने साथी विवेक जायसवाल के साथ 24 जनवरी की दोपहर बाइक से अंबिकापुर ब्लड डोनेट करने आ रहे थे। जैसे ही दोनों अंबिकापुर एमजी रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचे ही थे की बिश्रामपुर की ओर से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीजे 2688 ने पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को इलाज के लिए शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां चिकित्सकों ने महेश की स्थिति को गंभीर देखते हुए रायुपर रेफर कर दिया। परिजन एंबुलेंस से रायपुर लेकर जा रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। वहीं विवेक जायसवाल का इलाज चल रहा है।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला स्तरीय समारोह का हुआ आयोजन

» मतदाता जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,25 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।






राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आज 25 जनवरी को सरगुजा संभागायुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर विलास भोसकर, सहायक नोडल अधिकारी स्वीप श्री गिरीश गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत संभागायुक्त दुग्गा ने दीप प्रज्जवलन कर की।

संभागायुक्त श्री दुग्गा ने कहा कि भारत देश अपने लोकतंत्र के लिए दुनिया भर में जाना जाता है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि हमें जो मतदान का अधिकार मिला है, उसपर गर्व होना चाहिए। हमें वोट डालने का अधिकार है इसका उपयोग करना चाहिए। मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना भी हमारी एक बड़ी जिम्मेदारी है जिससे लोकतंत्र को और मजबूत बनाया जा सके। कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने कहा कि पिछले चुनावों में सरगुजा जिले में वोटिंग प्रतिशत में वृद्धि हुई है। यह आप सबके सहयोग से सम्भव हो पाया है। उन्होंने इस हेतु सभी को शुभकामनाएं दीं तथा आगामी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में सहभागिता निभाने सभी को प्रेरित किया।

कार्यक्रम में निर्वाचनों में उत्कृष्ट कार्य करने पर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुंड्रा से बीएलओ श्रीमती सुनीता यादव, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर से श्रीमती प्रतिभा गोलदार, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर से श्रीमती हेमतारा को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं मतदाता जागरूकता के क्षेत्र में अपनी सहभागिता निभाने पर सरस्वती महाविद्यालय अम्बिकापुर के सहायक प्राध्यापक श्रीमती रानी रजक एवं संत हरकेवल शिक्षा महाविद्यालय अम्बिकापुर के सहायक प्राध्यापक श्रीमती पूजा दुबे को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही 46 कैम्पस एंबेसडर एवं 25 नोडल प्राध्यापक सम्मानित हुए। वहीं नवीन मतदाताओं को एपिक कार्ड प्रदान किया गया।

## मतदाता जागरूकता की ली गई शपथ

इस दौरान संभागायुक्त श्री दुग्गा ने सभी को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली गई।



उषा चिलुकुरी वेंस

# महज 39 साल की आयु में बदली कामयाबी की परिभाषा

## उपराष्ट्रपति बने पति से पहली बार कैसे मिलीं?

**नई दिल्ली,25 जनवरी 2025।** अमेरिका के नए उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भारतवंशी पत्नी उषा चिलुकुरी वेंस कानून की दुनिया में मशहूर वकील की पहचान भी रखती हैं। उषा कुशल वक्ता हैं और स्कूल में बांसुरी भी बजाती थीं। हिंदू रीति-रिवाज और शाकाहार की इतनी बड़ी प्रशंसक हैं कि अपने पति को भी शाकाहारी बना दिया। खुद ट्रंप ने जिन्हें जेडी वेंस से भी ज्यादा काबिल बताया, वह वही उषा चिलुकुरी वेंस हैं।

जेडी वेंस को जुलाई 2024 में डोनाल्ड ट्रंप ने अपना उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी घोषित किया, तो सबकी निगाहें उनकी पत्नी भारतीय मूल की उषा चिलुकुरी वेंस पर थीं, जिनके बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति ने खुद कहा कि वह जेडी वेंस से भी ज्यादा होशियार हैं। उषा अमेरिका की द्वितीय महिला बनने वाली पहली भारतीय-अमेरिकी, पहली हिंदू और पहली एशियाई अमेरिकी शख्सियत बन गई हैं। ये उपलब्धियां तो उन्हें जेडी वेंस की पत्नी होने पर स्वत- ही हासिल हो गई हैं, लेकिन उषा की खुद की भी पहचान और व्यक्तित्व है। वह हिंदू परिवार में पैदा हुईं, लेकिन एक ईसाई धर्म में शादी करने के बावजूद उन्होंने अपनी संस्कृति और धर्म को नहीं छोड़ा। मीडिया में और सार्वजनिक मंचों पर भी वह कहती आई हैं, 'मुझे हिंदू होने पर गर्व है। मेरे माता-पिता के दिए संस्कार ही मेरी प्रेरणा हैं।'




### शुरुआत

बीती छह जनवरी को अपना 39वां जन्मदिन मनाने वाली उषा का जन्म 1986 में कैलिफोर्निया के सैन डिएगो काउंटी में हुआ था। उनके बचपन का नाम उषा बाला चिलुकुरी था। उनके पिता राधाकृष्णन और मां लक्ष्मी सत्तर के दशक में आंध्र प्रदेश से अमेरिका जाकर बस गए और वहां की नागरिकता हासिल कर ली। उषा ने माउंट कार्मल हाईस्कूल से स्कूली शिक्षा प्राप्त की है। उन्होंने येल यूनिवर्सिटी से इतिहास में बीए व कानून में डॉक्टरेट, तो कैंब्रिज यूनिवर्सिटी से आधुनिक इतिहास में एमफिल किया है।

### वकील और संपादक

उषा ने कानून की डिग्री हासिल करने के बाद 2013 से 2018 के बीच कई जजों के लिए बतौर क्लर्क काम किया और बाद में यूएस लॉ फर्म मुंगेर, टोल्स एंड ओल्सन एलएलपी में नामी वकील बन गईं। उन्होंने अमेरिका के मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट के साथ भी काम किया है। जेडी वेंस को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाए जाने के बाद उन्होंने सक्रिय वकालत छोड़ने का निर्णय लिया। उषा 'येल जर्नल ऑफ लॉ एंड टेक्नोलॉजी' की प्रबंध संपादक, 'द येल लॉ जर्नल' की कार्यकारी विकास संपादक रह चुकी हैं। उषा ने वर्ष 2014 में डेमोक्रेटिक पार्टी की सदस्यता भी ली थी, लेकिन बाद में वह रिपब्लिकन बन गईं।



### जेडी वेंस से पहली मुलाकात

उषा और जेडी वेंस की मुलाकात येल यूनिवर्सिटी में कानून की पढ़ाई के दौरान हुई थी। दोनों को कानून का पाठ पढ़ाने वाली और विवादित पुस्तक बैटल हाइमन ऑफ द टाइगर मदर की लेखिका एमी चुआ ने उषा और जेडी की जोड़ी को 'बिल्कुल विपरीत' बताया था। दोनों ने वर्ष 2014 में हिंदू और ईसाई रीति-रिवाज से शादी की। उनके दो बेटे इवान, विवेक और एक बेटी मीराबेल है। उषा हिंदू धर्म का पालन करती हैं। जेडी वेंस की आत्मकथा हिलीबिली एलेगी, जो वर्ष 2016 की बेस्ट सेलर पुस्तकों में रही, को लिखने के लिए उषा ने ही उन्हें प्रेरित किया था। इस किताब के आधार पर 2020 में रॉन हावर्ड ने फिल्म बनाई थी, जिसमें उषा का किरदार स्लमडॉग मिलेनियर फिल्म की भारतीय अभिनेत्री फ्रीडा पिंटो ने निभाया था।

### गीता की अंग्रेजी व्याख्या

उषा का पूरा परिवार पढ़ा-लिखा है। उषा के दादा रामा शास्त्री आईआईटी, मद्रास में भौतिकी के प्रोफेसर थे, तो 96 साल की दादी शांतम्मा चिलुकुरी अब भी आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम से दूर कॉलेज में भौतिकी पढ़ाने जाती हैं। दादी ने श्रीमद्भगवद्गीता की अंग्रेजी व्याख्या भी की है। पिता राधाकृष्णन ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई आईआईटी, मद्रास से ही की, तो मां लक्ष्मी मॉलिक्यूलर बायोलॉजिस्ट हैं। उनकी एक बहन श्रेया हैं। अमेरिका जाकर भी उषा के परिवार ने अपने संस्कारों और धर्म को नहीं छोड़ा।

### कुशल वक्ता; पहनावे का भी रखती हैं ख्याल

उषा के स्कूल के साथी बताते हैं कि उनके अंदर बचपन से ही नेतृत्व करने की क्षमता है। चाहे स्कूल के कार्यक्रम में बैंड में बांसुरी बजाकर उसकी अगुवाई करना हो या फिर भाषण देना। वह हर काम बड़ी चतुराई के साथ करती हैं। उषा अपने पहनावे का भी विशेष ध्यान रखती हैं। 20 जनवरी को हुए राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में उषा ने भारतीय डिजाइनर गौरव गुप्ता द्वारा डिजाइन किया गया परिधान पहना था, जो अलग ही आकर्षण का केंद्र था। उनके इस पहनावे पर अमेरिका के प्रतिष्ठित अखबारों और पत्रिकाओं में विशेष लेख तक लिखे गए।

### जेडी वेंस को बनाया शाकाहारी

उषा चिलुकुरी शाकाहारी हैं। उनसे प्रभावित होकर जेडी वेंस ने भी शाकाहार को अपना लिया और उषा की मां लक्ष्मी से भारतीय खाना बनाना भी सीखा। उषा समाजसेवा भी करती हैं। वह वाशिंगटन नेशन ऑपेरा में ट्रस्टी हैं। इससे पहले वह गेट्स कैंब्रिज एलुमनी एसोसिएशन के बोर्ड में और सिनसिनाटी सिंफनी ऑर्केस्ट्रा की बोर्ड के सचिव के रूप में भी कार्य कर चुकी हैं।

### आंध्र प्रदेश से जुड़ाव

उषा के भारत और अमेरिका में रहने वाले परिजन व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़े हुए हैं। जब जेडी वेंस को उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बनाया गया, तो भारत समेत हर जगह से उषा और उनके माता-पिता को बधाई संदेश मिले। साथ ही, आंध्र प्रदेश में उषा के पैतृक गांव वदुरू में इसकी खुशी मनाई गई थी।

# कुश्ती की शीर्ष वैश्विक संस्था ने दी भारत को निलंबन की धमकी

### कहा- स्वायत्तता में हस्तक्षेप नामंजूर



**नई दिल्ली,25 जनवरी 2025।** कुश्ती की शीर्ष वैश्विक संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेसिलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने भारत को निलंबित करने की धमकी दी है। संस्था के अध्यक्ष नेनाद लालोविच ने लिखा है कि भारतीय कुश्ती महासंघ के आंतरिक मामलों में राजनीतिक हस्तक्षेप बंद नहीं हुआ और उसकी स्वायत्तता बरकरार नहीं रही तो उस पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है। खेल मंत्रालय ने कुश्ती महासंघ को दिसंबर, 2023 से निलंबित कर रखा है। विश्व चैंपियनशिप में टीम तो भेज दी गई, लेकिन अन्य टूर्नामेंटों में टीमें नहीं जा पा रही हैं। क्रोएशिया आमंत्रण टूर्नामेंट के लिए अब तक मंत्रालय की ओर से हरी झंडी नहीं मिली है।

### देश में कुश्ती की गतिविधियां बंद

यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने कुश्ती महासंघ के वर्तमान पदाधिकारियों को मान्यता देते हुए अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों और अन्य गतिविधियों के लिए उन्हीं से संपर्क रखने की भी बात कही है। निलंबित होने की स्थिति में भारतीय पहलवान देश के झंडे तले किसी भी कुश्ती टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगे। निलंबन की स्थिति में भारतीय पहलवानों को यूडब्ल्यूडब्ल्यू के झंडे तले खेलना होगा। देश में कुश्ती की गतिविधियां बंद पड़ी हैं। निलंबन के चलते पहलवानों का कोई भी राष्ट्रीय शिविर भी नहीं लग रहा है।

# डेनमार्क में चीन की दमनकारी नीतियों का विरोध, मानवाधिकारों की रक्षा के लिए दोहराई गई प्रतिबद्धता



**कोपेनहेगन, 25 जनवरी 2025।** निर्वासित तिब्बती संसद के एक प्रतिनिधिमंडल ने डेनमार्क में अपनी यात्रा की शुरुआत डेनिश संसद में एक बैठक के साथ की। बैठक में केंद्रीय तिब्बती प्रशासन ने चीन की दमनकारी नीतियों का विरोध करने का आह्वान किया। प्रतिनिधिमंडल का अटलांटिक के विदेश मामलों के प्रवक्ता और विदेश मामलों की समिति के सदस्य साशा फैक्से ने गर्मजोशी से स्वागत किया। साशा फैक्से ने मानवाधिकारों की रक्षा व चीन के बढ़ते प्रभाव का विरोध करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

फैक्से द्वारा डेनमार्क की लोकतांत्रिक परंपराओं पर प्रकाश डालने के जवाब में, नामग्याल डोलकर लहाग्यारी ने तिब्बत में चीन की नीतियों के गंभीर प्रभाव पर एक गहन प्रस्तुति दी। उन्होंने तिब्बती बच्चों को बोर्डिंग स्कूलों में जबरन भेजकर स्थानीय भाषा, संस्कृति व पहचान मिटाने के व्यवस्थित चीनी प्रयासों का जिक्र किया। उन्होंने चीन द्वारा बड़े बांधों के निर्माण और तिब्बत के प्राकृतिक संसाधनों के दोहन के कारण होने वाले पर्यावरणीय विनाश के बारे में भी चिंता जताई। प्रतिनिधिमंडल ने डेनिश संसद से तिब्बत के लिए अपने नैतिक समर्थन को ठोस कार्यों में बदलने का आह्वान किया व तिब्बत के लिए मजबूत वैश्विक समर्थन का आग्रह किया।

### अंतरराष्ट्रीय जागरूकता बढ़ाने का मकसद

डेनमार्क में विदेश मामलों की समिति के सदस्य साशा फैक्से ने कहा, तिब्बती निर्वासित समुदाय का लोकतंत्र को बढ़ावा देना दुनिया के लिए एक शक्तिशाली उदाहरण है। तिब्बती प्रतिनिधिमंडल ने डेनिश इंस्टीट्यूट ऑफ पार्टीज एंड डेमोक्रेसी के निदेशक मैथियास पार्सबेक और वरिष्ठ सलाहकार मार्लीन क्रॉयडन हरित्सो के साथ भी चर्चा की। इस दौरान वैश्विक मंच पर तिब्बत के लोकतांत्रिक मॉडल उजागर करने के अवसरों पर चर्चा की गई। बैठक का मकसद तिब्बत पर अंतरराष्ट्रीय जागरूकता बढ़ाना था।

# दिल्ली घोषणापत्र प्रतिबद्धताओं को लेकर सुरक्षा परिषद समिति सहमत



### वित्तीय प्रौद्योगिकियों पर कसेगी नकेल

**नई दिल्ली,25 जनवरी 2025।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक समिति ने दिल्ली घोषणापत्र से जुड़ी प्रतिबद्धताओं को लेकर सहमति जताई है। आतंकी गतिविधियों के लिए नई-उभरती वित्तीय प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल रोकने पर भी सहमति बनी है। सूत्रों के मुताबिक, समिति अबू धाबी मार्गदर्शक सिद्धांतों के आधार पर आगे बढ़ेगी। समिति आने वाले दिनों में परिषद के अध्यक्ष के तौर पर भारत के कार्यकाल में तय की गई प्रतिबद्धताओं पर काम करेगी।

### दिल्ली घोषणापत्र प्रतिबद्धताओं को लेकर सुरक्षा परिषद समिति सहमत

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की आतंकवाद रोधी समिति (सीटीसी) ने आतंकी गतिविधियों के लिए नई व उभरती वित्तीय प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल रोकने के लिए मार्गदर्शक सिद्धांतों पर सहमति जताई है। इसका मकसद परिषद के अध्यक्ष के तौर पर भारत के कार्यकाल के दौरान आतंकवाद से लड़ने के लिए संयुक्त राष्ट्र निकाय द्वारा की गई प्रतिबद्धताओं पर आगे बढ़ना है। इस माह की शुरुआत में अल्जीरिया की अध्यक्षता में आतंकवाद-रोधी समिति (सीटीसी) ने 'अल्जीरिया मार्गदर्शक सिद्धांतों' पर सहमति व्यक्त की थी।

### आतंकी गतिविधियों के लिए नई-उभरती वित्तीय प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल रोकेंगे

सूत्रों के मुताबिक, समिति ने अबू धाबी मार्गदर्शक सिद्धांतों के आधार पर यह सहमति व्यक्त की है। अबू धाबी मार्गदर्शक सिद्धांत यूएनएससी सीटीसी द्वारा अपनाए गए दिशा-निर्देश हैं। इन सिद्धांतों में आतंकी गतिविधियों के लिए मानव रहित विमान प्रणालियों (यूएएस) के उपयोग से निपटने की जानकारी दी गई है, जिन पर दिसंबर 2023 में सहमति बनी थी। ये आतंकी मकसद के लिए नई-उभरती वित्तीय प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल रोकने के लिए सदस्य देशों के लिए गैर-बाध्यकारी मार्गदर्शक सिद्धांत हैं।


15 साल बाद भारत को मिली बड़ी सफलता

# वापस लाया जाएगा तहव्वुर राणा;हेडली के साथ मिलकर बनाया था हमले का प्लान

**वाशिंगटन,25 जनवरी 2025।** अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने मुंबई हमले के दोषी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। शीर्ष अदालत ने उसकी दोषसिद्धि के खिलाफ समीक्षा याचिका को खारिज कर दिया है। भारत पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक राणा के प्रत्यर्पण की मांग कर रहा था, क्योंकि वह 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के मामले में वांछित है। राणा को एफबीआई ने अक्तूबर 2009 में गिरफ्तार किया था।

यह राणा के लिए भारत को प्रत्यर्पित न किए जाने का आखिरी कानूनी मौका था। इससे पहले वह अमेरिकी अपील न्यायालय सहित कई संघीय अदालतों में कानूनी लड़ाई हार गया था। 13 नवंबर को राणा ने अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के समक्ष प्रमाणपत्र के लिए याचिका दायर की। डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के एक दिन बाद 21 जनवरी को शीर्ष अदालत ने इसे अस्वीकार कर दिया। उच्चतम न्यायालय ने कहा, याचिका अस्वीकार की गई। राणा वर्तमान में लॉस एंजिल्स में मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर में हिरासत में है।

इससे पहले अमेरिकी सरकार ने अदालत में दलील दी थी कि पुरीक्षण याचिका को खारिज किया जाना चाहिए। अमेरिकी सॉलिसिटर जनरल एलिजाबेथ बी. प्रीलोगर ने 16 दिसंबर को उच्चतम न्यायालय में दाखिल अपने दस्तावेज में यह बात कही। उन्होंने कहा कि राणा इस मामले में भारत प्रत्यर्पण से छूट का हकदार नहीं है।



### अमेरिकी सॉलिसिटर जनरल ने प्रत्यर्पण का किया था विरोध

नौवें सर्किट के लिए 'यूनाइटेड स्टेट्स कोर्ट ऑफ अपील्स' के फैसले की समीक्षा के वास्ते अपनी पुनरीक्षण याचिका में राणा ने दलील दी थी कि मुंबई पर 2008 के आतंकवादी हमले से संबंधित आरोपों पर इलिनॉय (शिकागो) के नॉर्दर्न डिस्ट्रिक में संघीय अदालत में उस पर मुकदमा चलाया गया और उसे बरी कर दिया गया था।याचिका में दलील दी कि, भारत अब शिकागो मामले में समान कृत्य के आधार पर आरोपों को लेकर मुकदमा चलाने के लिए उसे प्रत्यर्पित करना चाहता है। प्रीलोगर ने उसकी दलील का विरोध किया।

अमेरिकी सॉलिसिटर जनरल ने कहा था,सरकार यह नहीं मानती कि जिस कृत्य के लिए भारत प्रत्यर्पण चाहता है, वह इस मामले में सरकारी अभियोजन के दायरे में थे। उदाहरण के लिए,भारत के जालसाजी के आरोप आंशिक रूप से ऐसे आचरण पर आधारित हैं जिन पर अमेरिका में सुनवाई नहीं की गई- याचिकाकर्ता ने भारतीय रिजर्व बैंक को प्रस्तुत आव्रजन कानून केंद्र के शाखा कार्यालय को औपचारिक रूप से खोलने के लिए आवेदन में गलत जानकारी का उपयोग किया। प्रीलोगर ने कहा था, यह स्पष्ट नहीं है कि इस मामले (साजिश रचने में संलिप्तता) में न्यायाधीश के फैसले का मतलब यह है कि उसे भारत द्वारा लगाए गए सभी विशिष्ट कृत्य के आरोपों के लिए दोषी ठहराया गया है या बरी किया गया है।

### इस आधार पर अपील की थी राणा ने...

राणा ने तर्क दिया कि उसे इलिनोइस (शिकागो) की संघीय अदालत में 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले से संबंधित आरोपों पर मुकदमा चलाया गया और बरी कर दिया गया था। भारत ने भी उन्हीं आरोपों के आधार पर प्रत्यर्पण की मांग की थी, जिनके आधार पर शिकागो की अदालत ने राणा को बरी कर दिया था। हालांकि अमेरिकी सॉलिसिटर जनरल ने कहा था कि सरकार यह नहीं मानती कि जिस आचरण के लिए भारत प्रत्यर्पण चाहता है, वह इस मामले में कवर हो चुका है। तहव्वुर राणा अमेरिकी अपील न्यायालय सहित निचली अदालतों और कई संघीय अदालतों में कानूनी लड़ाई हार चुका है। अब उसने ताजा याचिका से अपना प्रत्यर्पण रोकने की संभवतः आखिरी कोशिश की है।

# नाइजीरियाई सैनिकों ने 79 आतंकवादियों-अपहरणकर्ताओं को मार गिराया,252 लोगों को किया गिरफ्तार

**पश्चिमी अफ्रीकी, 25 जनवरी 2025।** नाइजीरियाई सैनिकों पूर्वोत्तर में इस्लामी आतंकवादियों के दशकों पुराने विद्रोह और उत्तर-पश्चिम में विभिन्न सशस्त्र समूहों के हमलों को लक्ष्य करते हुए पिछले सप्ताह में 79 आतंकवादियों और संदिग्ध अपहरणकर्ताओं को मार गिराया। सेना ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र ने बताया कि पश्चिमी अफ्रीकी देश को सुरक्षित करने का प्रयास तेजी से किया जा रहा है, क्योंकि पूर्वोत्तर क्षेत्र में अबतक 35,000 नागरिक मारे जा चुके हैं और 20 लाख लोग विस्थापित हो चुके हैं।

### सेना के प्रवक्ता ने जारी किया बयान

नाइजीरियाई सेना के प्रवक्ता एडवर्ड बूबा ने एक बयान जारी किया। उन्होंने कहा, नाइजीरिया की सेना की तरफ से चलाए गए अभियान में 252 लोगों को गिरफ्तार किया गया और आतंकवादियों द्वारा बंधक बनाए गए 67 बंधकों को मुक्त कराया गया। नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिम में अपहरण आम घटना बन गई है। यहां सशस्त्र समूह गांवों और सड़कों पर हमला करने के लिए क्षेत्र की सीमित सुरक्षा उपस्थिति का फायदा उठाते हैं।कई पीड़ितों को फिरौती के भुगतान के बाद ही रिहा किया जाता है।



### कच्चे तेल की चोरी से जुड़े 28 संदिग्ध भी गिरफ्तार

2014 में पूर्वोत्तर राज्य बोर्नो के चिबोक गांव में बोको हराम चरमपंथियों द्वारा 276 स्कूली छात्राओं का अपहरण और फिर सेना और सशस्त्र समूहों के बीच संघर्ष के साथ नाइजीरिया ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। गिरफ्तार किए गए लोगों में कच्चे तेल की चोरी से जुड़े 28 संदिग्ध भी शामिल है। पिछले साल नाइजीरिया एक्सट्रैक्टिव इंडस्ट्रीज ट्रांसपेरेंसी इनिशिएटिव ने बताया था कि 2009 और 2020 के बीच कच्चे तेल की चोरी के कारण नाइजीरिया को 46 बिलियन डॉलर से अधिक का नुकसान हुआ था।

नाइजीरियाई सेना ने एक स्वतंत्र बियाफ्रा राज्य के निर्माण की मांग करने वाले अलगाववादी समूह, इंडिजिनस पीपल ऑफ बियाफ्रा के सात संदिग्ध सदस्यों को भी गिरफ्तार किया। दक्षिण-पूर्वी नाइजीरिया में 1960 से ही अलगाववादी यह अभियान चला रहा है। बियाफ्रा गणराज्य ने पश्चिम अफ्रीकी देश से स्वतंत्र होने के लिए 1967 से 1970 तक गृह युद्ध लड़ा और हार गया। ऐसा बताया जाता है कि इस संघर्ष में 10 लाख लोग मारे गए, उनमें से कई लोगों की मौत भूख से हुई थी। इसके एक नेता साइमन एकपा को सोशल मीडिया पर हिंसा भड़काने के आरोप में नवंबर में फिनलैंड में गिरफ्तार किया गया था।

पहली बार भाजपा में शामिल होने वाले पर भाजपा ने जताया भरोसा, एक बार फिर दैनिक घटती घटना की खबर पर लगी मोर पूर्व सरपंच बनी भाजपा के अध्यक्ष प्रत्याशी

# जिसने भाजपा के शपथ ग्रहण कार्यक्रम का किया बहिष्कार...

# भाजपा ने उसे बनाया अपना अध्यक्ष पद का उम्मीदवार

## भाजपा ने नगर पंचायत पटना के अध्यक्ष एवं पार्षद प्रत्याशियों की सूची की जारी

-रवि सिंह-

बैकुण्ठपुर/पटना 25 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

भाजपा ने कोरिया जिले के प्रथम नगर पंचायत पटना चुनाव के लिए अध्यक्ष व 15 पार्षद पद के प्रत्याशियों के नाम की सूची जारी कर दी, जिसमें एक बार फिर पूर्व सरपंच को ही भाजपा ने पटना नगर पंचायत का अध्यक्ष पद का उम्मीदवार घोषित किया, जो पहले से ही तय था फिर भी लेट लतीफी के साथ नाम की घोषण हो गई, यह वही प्रत्याशी हैं जिन्होंने बीजेपी के प्रथम नगर अध्यक्ष बने के शपथ ग्रहण का बहिष्कार किया था, भाजपा ने इस पर ही दोबारा दाव खेला है, और उन्हें उम्मीद है कि यह प्रत्याशी ही भाजपा को जिताकर पटना की प्रथम नगर पंचायत अध्यक्ष बनेगी, इसके लिए भाजपा ने खूब जोर आजमाइश की खूब सर्वे कराया अब देखना यह है कि परिणाम क्या लाता है? वही उनके प्रत्याशी बनने को लेकर विरोध अंदर खाने में था जो शायद चुनाव के परिणाम को तय करेगा, वही जो अध्यक्ष पद का प्रत्याशी था उसे पार्षद प्रत्याशी एक नंबर वार्ड से घोषित कर दिया गया है, ताकि सोनी समाज के वोट को प्रभावित होने से बचाया जा सके, ऐसे में अब यह देखना है कि सोनी समाज अपना वोट पूरा भाजपा को देता है अध्यक्ष पद के लिए या फिर सोनी समाज से भाजपा के लिए प्रकाशित तय न होना उसे वोट पर कांग्रेस सेंध लगाई गई या फिर कोई अन्य उसे पर सेंध लगाएगा?

अंततः पूर्व सरपंच गायत्री सिंह पर ही भाजपा ने प्रत्याशी तय करके मोहर लगा दी,अब देखना यह है कि सरपंच के साथ अब वह अध्यक्ष पद पर जीत कर अपने जीत के क्रम को निरंतर रखती हैं या फिर विरोध का सामना उन्हें करना पड़ सकता है, विरोध को कितना अपने विपरीत कर सकते हैं यह भी देखना होगा, वैसे अभी से ही उनके घर के सामने लोगों का जमावड़ा लगा शुरू हो गया है जो उनके समर्थक है वह उनके घर पर बैठ रहे हैं और उन्हें जिताने की रणनीति तैयार कर रहे हैं, वही रूपरेखा भी तैयार हो रही है ऐसा माना जा रहा है कि उनके समर्थक उन्हें पूरा विश्वास दिलाया है कि वह जीत जाएंगे, अब यह तो उनका पुराना कार्यकाल ही तय करेगा कि उनकी जीत सुनिश्चित होती है या विरोध होने से हार का मुंह दिखाती है?







घटती घटना
नगर विकास समिति का प्रत्याशी भाजपा कांग्रेस की बढ़ा सकता है परेशानी ?
80 प्रतिशत चेहरे पर मिलेगा वोट 20 प्रतिशत सिंबल का होगा खेल
आखिर ऐसी कौन सी वजह थी की चोरी-छुपे भाजपा में पूर्व सरपंच को होना पड़ा शामिल...भाजपा का मंच साझा करने के बाद उठा सवाल
नगर विकास समिति में हर राजनीतिक दल से लोग,क्या वह राजनीतिक दल को ही अपने पहुंचाएंगे वोट ?
सभी वार्डों से क्या फिर पार्षद पद के लिए भी उम्मीदवार उतारेगी नगर विकास समिति ?
नगर विकास समिति क्या सामान्य वर्ग से उम्मीदवार उतारने राजनीतिक दलों से कर रही किनारा ?

### जो थे अध्यक्ष के दावेदार उन्हें एक नंबर से बनाया गया पार्षद प्रत्याशी

जिसके घर से अध्यक्ष पद के दावेदारी हो रही थी उसे व्यक्ति को अध्यक्ष प्रत्याशी से वंचित कर एक नंबर वार्ड से पार्षद प्रत्याशी चुना गया, अब दो-दो लोग इस पूरे 15 पार्षदों की सूची में उपाध्यक्ष पद के दावेदार माने जा रहे हैं, अब यह दोनों की जीत सुनिश्चित होती है या नहीं यह तो परिणाम तय करेगा, पर यदि दोनों में से कोई भी जीतता है तो उन्हें उपाध्यक्ष बनाने का पूरा प्रयास किया जाएगा, उपाध्यक्ष पद के जो प्रत्याशी हैं वह वार्ड नंबर 1 को वार्ड नंबर 6 से माने जा रहे हैं।

### 15 वार्ड के पार्षद प्रत्याशी

इसी प्रकार वार्ड पार्षद प्रत्याशी वार्ड क्र. 1 से शंकर प्रसाद सोनी, वार्ड क्र. 2 से अहिबरन सिंह, वार्ड क्र. 3 से निर्मला पोया, वार्ड क्र.4 राकेश सिंह, वार्ड क्र. 5 गीता पोया, वार्ड क्र. 6 से रविशंकर शर्मा, वार्ड क्र .7 से प्रमिला सिंह, वार्ड क्र. 8 से परस राम साहू, वार्ड क्र. 9 सतेन्द्र सोनी, वार्ड क्र. 10 से ज्योति देवांगन, वार्ड क्र. 11 से तरूण जायसवाल, वार्ड क्र. 12 से रेखा वर्मा, वार्ड क्र. 13 सुनील यादव, वार्ड क्र. 14 से पूनम वर्मा, वार्ड क्र. 15 ओमप्रकाश सिंह के नामों की अधिकृत घोषणा की गई।


घटती घटना
जब लोकसभा चुनाव के दौरान ही पूर्व सरपंच गायत्री सिंह भाजपा में हो गई थी शामिल तो फिर भाजपा सरकार के आदेश की उन्होंने क्यों की अवहेलना ?

### पहली बार बीजेपी में शामिल होने वाले लोगों को बनाया गया प्रत्याशी

15 पार्षदों की सूची में चार नाम ऐसे हैं जो पहली बार बीजेपी में शामिल हुए और उन्हें पार्षद प्रत्याशी भाजपा ने बना दिया, कहा जाए तो भाजपा के पास पुराने कार्यकर्ता को पदाधिकारी नहीं थे जिस वजह से नए पर उन्हें दावा खेलना ज्यादा उचित समझा। जिन वार्डों के पार्षदों को प्रत्याशी चुना गया है उनमें से कुछ लोग कांग्रेस से आए हैं तो कुछ गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के समर्थक रह चुके हैं, चुनाव जीतने के लिए बीजेपी ने हर संभव झुकने का प्रयाश प्रत्याशी चुनने में किया है, साथ ही वसूलो से भी समझोता किया जो नहीं करने वाली पार्टी मानी जाती है।


### बीजेपी के प्रत्याशी धन-बल से संपन्न

बीजेपी ने उन्ही प्रत्याशियों पर दाव लगाया है जो धनबल से संपन्न है जो आर्थिक रूप से कमजोर नहीं है, वह अपने पैसे के दम पर भी चुनाव लड़ सकते हैं, ऐसे संपन्न लोगों को ही उन्होंने अपना प्रत्याशी बनाया है यह एक नहीं पूरे 15 वार्ड के प्रत्याशियों को देखकर समझा जा सकता है, जिसमें कुछ पूर्व के ही वार्ड पंच है जो पार्षद प्रत्याशी हैं, बाकी गरीब तबके से प्रत्याशी बनाने से भाजपा ने परहेज किया है अब कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची का इंतजार हो रहा है अब वह किस प्रकार के लोगों को अपना प्रत्याशी चुनती है यह देखने वाली बात होगी।

### भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने नगर पंचायत पटना के लिए अध्यक्ष व पार्षद प्रत्याशी घोषित किया

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार नगर पंचयात चयन समिति, मंडल चयन समिति एवं जिला कोर कमेटी द्वारा सर्व सम्मति से पारित कर संभाग प्रभारी राजा पाण्डेय एवं संभागीय संयोजक गोमती साय के अनुमोदन पश्चात् भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी द्वारा नगर पंचायत पटना के अध्यक्ष पद हेतु भाजपा का अधिकृत प्रत्याशी गायत्री सिंह को घोषित किया गया है।

# क्या कांग्रेस पूर्व विधायक वर्तमान विधायक से हार का बदला लेने के लिए क्षेत्र क्रमांक 5 से चुनाव लड़कर वर्तमान विधायक पुत्री को हराकर बदला लेंगी ?


पूर्व विधायक अंबिका सिंहदेव

**क्षेत्र क्रमांक 5 से भाजपा के वर्तमान विधायक भईया लाल राजवाड़े की बेटी का लड़ना तय**


भईया लाल राजवाड़े की पुत्री गीता राजवाड़े

**पूर्व विधायक के पास वर्तमान विधायक से बदला लेने का इकलौता मौका...जब जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 से चुनाव लड़कर उनकी बेटी को हरा दे।**

**क्या अपने जनधार के जोखिम को कम करने के लिए मैदान में उतरेंगी कांग्रेस की पूर्व विधायक अंबिका सिंहदेव ?**

-रवि सिंह-

बैकुण्ठपुर/पटना,25 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले में जिला पंचायत चुनाव इतिहास रच सकता है, एक नया ही इतिहास दर्ज भी होगा, कुछ ऐसा ही अनुमान लगाया जा रहा है यह चुनाव काफी हाई प्रोफाइल तो होगा ही, साथ ही रोमांचक भी है, क्योंकि भाजपा से लेकर कांग्रेस तक के प्रत्याशियों के लिए यह चुनाव काफी अहम हो गया है, वहीं जिला पंचायत का क्षेत्र क्रमांक 5 जो काफी हाई प्रोफाइल सीट बनता जा रहा है, क्योंकि इस सीट पर वर्तमान भाजपा विधायक की बेटी का चुनाव लड़ना लगभग तय हो गया है, ऐसे में इसी क्षेत्र से आने वाली कांग्रेस की पूर्व विधायक अंबिका सिंहदेव के लिए भी एक अच्छा मौका है, यहां से चुनाव लड़कर अपने हार का बदला लेने का, क्योंकि अगले विधानसभा में वर्तमान विधायक प्रत्याशी नहीं होंगे इसलिए वह अपने हार का बदला नहीं ले पाएंगी, इसीलिए इस जिला पंचायत चुनाव में क्षेत्र क्रमांक 5 से प्रत्याशी बनाकर अपना बदला उनकी बेटी को हराकर ले सकती हैं, जो काफी सुनहरा मौका है और उनका अगला विधानसभा टिकट भी तय हो जाएगा, वैसे तो पहले से ही तय है पर यदि काटने की बात आएगी तो यह चुनाव जीतना उनके लिए टिकट तय करने का रास्ता भी तय कर देगा, क्योंकि वर्तमान विधायक ने तो अपनी हार का बदला ले लिया होगा, पर कांग्रेस की विधायक अपना हार का बदला वर्तमान विधायक से कैसे लेगी यह अब सिर्फ उनके लिए एक मौका ही है, क्योंकि अगले विधानसभा में उनकी टक्कर भईया लाल राजवाड़े से नहीं होगी क्योंकि अगले बार वह प्रत्याशी भाजपा के नहीं होंगे।

2018 में कांग्रेस प्रत्याशी अंबिका सिंहदेव ने भाजपा प्रत्याशी भईया लाल राजवाड़े को 4500 हजार वोट से हराकर विधायक बनी थी, जिसका बदला भईया लाल राजवाड़े के द्वारा 2023 में 25000 वोट से हराकर ले लिया, अंबिका सिंहदेव ही भईया लाल राजवाड़े को तीसरी बार विधायक बनने से रोका था, जो भईया लाल राजवाड़े के लिए काफी दुखद था और भईया लाल राजवाड़े की कार्यशैली ने उन्हें 2023 में दोबारा विधायक बनने का मौका दिला दिया और वह अपने 4500 मतों के हार का बदला 25000 मतों से हरा कर लिया और यह चुनाव भईया लाल राजवाड़े का आखिरी चुनावी माना जा रहा है, इस वजह से कांग्रेस प्रत्याशी अंबिका सिंहदेव यानी कि पूर्व विधायक अगली बार भईया लाल राजवाड़े से सामना उनका नहीं होगा, इस वजह से उन्हें अपने हार का बदला लेने के लिए जिला पंचायत चुनाव काफी महत्वपूर्ण हो सकता है, क्योंकि कांग्रेस के लिए इस क्षेत्र से कोई मजबूत प्रत्याशी भी नहीं है जो भईया लाल राजवाड़े की बेटी को हरा सके, ऐसे में कांग्रेस के पूर्व विधायक ही एक मजबूत प्रत्याशी हो सकती हैं जो उसे हरा सकती हैं ऐसा जन चर्चा का विषय है क्योंकि जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 से भाजपा ने अपना उम्मीदवार भईया लाल राजवाड़े की पुत्री गीता राजवाड़े के नाम पर तय कर दिया है वहीं अब भाजपा समर्थित प्रत्याशी भी हैं।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कलेक्टर ने की अपील- प्रत्येक मतदाता अवश्य करें मतदान

कोरिया,25 जनवरी 2025( घटती-घटना)। जिले में आज 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने सभी मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में हर मतदाता की अहम भूमिका होती है। उन्होंने युवाओं और नए मतदाताओं को विशेष रूप से प्रेरित करते हुए कहा कि अच्छे जनप्रतिनिधि और सरकार चुनने का अधिकार बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, जिसे समझदारी और सतर्कता से निभाना चाहिए।कलेक्टर ने जानकारी दी कि जिले में पिछले विधानसभा चुनाव में 80: मतदान और लोकसभा चुनाव में 81: मतदान हुआ था। उन्होंने इस प्रतिशत को बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि हर मतदाता को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे मतदान में अपनी भागीदारी निभाएं। कार्यक्रम के दौरान, निर्वाचन प्रक्रिया में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।




### जिले में ध्वजारोहण करेंगी श्रीमती गोमती साय विधायक पत्थलगांव

-संवाददाता-

एमसीबी,25 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

पत्थलगांव विधायक एवं सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष श्रीमती गोमती साय 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के आमाखेरवा ग्राउंड में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इस दौरान वे 26 जनवरी के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराऐंगी। कार्यक्रम में श्रीमती गोमती साय जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगी। तत्पश्चात वे परेड की सलामी लेंगी तथा इसके अलावा वे देश के लिए शहीद हुए जवानों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित करेंगी। इसके साथ ही जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करेंगी। मुख्य समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा विभागीय झांकियों की मनमोहक प्रस्तुति भी होगी।

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2 ,जिला-सरगुजा,(छ0ग0)**

रा.प्र.क्र. /ब 121 /2023-24

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रमेश सरकार आ0 स्व0 अश्वनी सरकार, निवासी ग्राम डिगमा, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा,छ0ग0 द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम नेहरूनगर स्थित भूमि खसरा नंबर 40/1 रकबा 1.033 हे0 में से 08 डिसमिल भूमि निजी आवश्यकता हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण अनावेदिका रिक्ता दास पति विजय दास, निवासी ग्राम डिगमा, तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा,छ0ग0 को रू0 5,00,000/- (पांच लाख रूपये) में विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 29/01/2025 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 06/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील

नायब तहसीलदार ,अंबिकापुर-02

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)उदयपुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)**

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ-2/2024-25

आवेदक संतोष कुमार गुप्ता आ0 राजेश्वर गुप्ता निवासी नगर पंचायत लखनपुर तहसील लखनपुर जिला सरगुजा, छ0ग0 द्वारा अपने स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि ग्राम लखनपुर जिला सरगुजा, छ0ग0 द्वारा अपने स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि ग्राम लखनपुर प0ह0नं0 32 खसरा क्रमांक 270/8 रकबा 0.0100 हे0 को वाणिज्यिक प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने बावत छ0ग0 भू0रा0सं0 1959 की धारा 172(2) के तहत आवेदन पत्र मय खसरा, नक्शा, बी-1, सेटलमेन्ट, पंजीबद्ध विक्रय पत्र एवं ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन के पन्द्रह दिवस के भीतर न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) उदयपुर जिला सरगुजा में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप से दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा)उदयपुर,सरगुजा

# पटना नगर पंचायत का पहला घोषणा-पत्र गोंडवाना समर्थित प्रत्याशी ने किया जारी...मारी बाजी...सभी वर्गों का रखा ध्यान

**सबसे पहले घोषणा पत्र जारी कर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रत्याशी ने बीजेपी-कांग्रेस की बढ़ायी टेंशन**

**क्या बीजेपी और कांग्रेस इसी से मिलता जुलता घोषणा पत्र लायेंगे या फिर कुछ नया होगा?**

**गोंगपा समर्थित प्रत्याशी के घोषणा पत्र में हर वर्ग का रखा गया है ध्यान,लगभग सभी मुद्दे हैं शामिल**

**प्रभावी घोषणा पत्र के वादे बन सकते हैं वोट का कारण।**




## कुछ नया लाने के लिए भाजपा कांग्रेस को करनी पड़ सकती है कड़ी मशक्कत, वरना करना पड़ेगा गोंगपा का नकल

## प्रत्याशी द्वारा घोषणा पत्र जारी करते ही लोगों में चर्चाओं का दौर शुरू, अधिकांश लोगों ने घोषणा पत्र को सराहा



-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,25 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले का प्रथम नगर पंचायत पटना का प्रथम चुनाव काफी हाई प्रोफाइल चुनाव होता जा रहा है। जहां अपने प्रत्याशी चुनने में अभी बीजेपी कांग्रेस जद्दोजहद में लगी हुई है, वही गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के नगर पंचायत अध्यक्ष पद के समर्थित प्रत्याशी पूरी तरीके से तैयारी कर नामांकन फॉर्म लेकर मैदान में उतर गए हैं। यहां तक की अपने शहर के लिए उन्होंने सबसे पहले घोषणा पत्र भी जारी कर दिया है। जो घोषणा पत्र सभी को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। घोषणा पत्र को देखकर भाजपा कांग्रेस के प्रत्याशी भी टेंशन में आ गए हैं कि अब वह अपने घोषणा पत्र में ऐसा क्या रखें कि शहर के लोग उन्हें अपना मत दें? वही गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के समर्थित प्रत्याशी पिंकी अखिलेश गुप्ता ने जो घोषणा पत्र अपना जारी किया है, वह घोषणा पत्र की चर्चा अब पूरे पटना सहित जिले में हो रही है। और सभी उस घोषणा–पत्र की तारीफ कर रहे हैं। अब देखना यह है कि भाजपा कांग्रेस जो अभी अपना प्रत्याशी तय नहीं कर पाई है, वह अपना घोषणा-पत्र कैसा लाती है। क्या गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के घोषणा पत्र से ही कुछ कॉपी करेगी या फिर कुछ अलग लाएगी। प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव और नगरी निकाय चुनाव के बीच कोरिया जिले में नगरीय निकाय के लिए एकमात्र चुनाव नवनिर्मित नगर पंचायत पटना में होना है। क्योंकि पूरे जिले में यही एक नगरीय निकाय का चुनाव वर्तमान में होना है, इस कारण पूरे क्षेत्र में गहमा गहमी का माहौल बना हुआ है। अध्यक्ष पद महिला अनारक्षित होने के कारण पहले से ही कई भाजपा कांग्रेस के दिग्गज नेताओं के मंसूबों पर पानी फिर चुका है। वहीं भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस नगर पंचायत पटना के वार्डों के पार्षद के लिए और अध्यक्ष पद के लिए कई मीटिंग के बाद भी अपना प्रत्याशी तय नहीं कर पाई है। दूसरी ओर पूर्व में भाजपा नेता रहे, वर्तमान में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की लीडरशिप की कमान संभालने वाले पटना क्षेत्र के जुझारू और मुखर व्यक्तित्व के स्वामी अखिलेश गुप्ता ने अपनी पत्नी पिंकी अखिलेश गुप्ता को पटना नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी बनाया है। जिसकी पटना क्षेत्र में काफी चर्चा भी है। इस पूरे चुनाव में प्रथम बाजी भी अखिलेश गुप्ता मारते नजर आ रहे हैं। उन्होंने काफी मंथन और मशक्कत के बाद विगत शाम सोशल मीडिया के माध्यम से अपना घोषणा पत्र और अपना विजन पटना नगरीय क्षेत्र के लिए रखा है, जो की देखने सुनने में काफी प्रभावी नजर आ रहा है।


घोषणा-पत्र

(1) गायत्री मंदिर परिसर को निजी हाथों से मुक्त कराएंगे। गायत्री मंदिर परिसर को सार्वजनिक एवं व्यक्तिगत कार्यक्रमों के लिए–सामान्य वर्ग के लिए 2100 रुपये, निर्धन वर्ग को 1100 रुपये और असमर्थ लोगो के लिए मुफ्त में परिसर उपलब्ध कराएंगे।
(2) गायत्री मंदिर परिसर में बने दुकानों की वास्तविक नीलामी कर जरूरतमंदों को स्वामित्व प्रदान करेंगे।
(3) सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल में बने सार्वजनिक भवनों को शुभ अवसरों एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के लिए कम सुविधा शुल्क में उपलब्ध कराएंगे।
(4) मुक्तिधाम एवं कब्रिस्तान को सर्वसुविधा युक्त बनाया जाएगा।
(5) बालेंदु सागर सहित नगर पंचायत के अंदर स्थित तालाबों का सौन्दर्यीकरण कर उसके पूरे परिसर में झूले, ओपन जिम का निर्माण कराया जाएगा।
(6) खेलप्रेमी एवं युवा खिलाड़ियों के लिए इनडोर बैडमिंटन स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा।
(7) प्रत्येक वार्डों में बिजली, सड़क, पेयजल, स्ट्रीट लाइट की समुचित व्यवस्था कराई जाएगी।
(8) नगर पंचायत बनने से जिन वर्गों को प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष नुकसान का भय है, उनपर सुविधा का विशेष ध्यान दिया जाएगा।
(9) महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु सिलाई, कंप्यूटर, ब्यूटी पार्लर एवं अन्य क्षेत्रों में प्रशिक्षण की समुचित व्यवस्था की जाएगी।
(10) बेरोजगार युवाओं हेतु योजनाबद्ध तरीके से उन्हें कौशल प्रशिक्षण के तहत आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्लंबर, कंप्यूटर ऑपरेटर, घरेलू वायरिंग, टाइल्स, कारपेंटर, मोबाइल रिपेयरिंग इत्यादि के प्रशिक्षण की व्यवस्था महती प्राथमिकता।
(11) पटना मिनी स्टेडियम को सुसज्जित बनाना, बैठने हेतु सीढीयों पर शेड निर्माण तथा रात्रिकालीन खेलों के लिए फ्लड लाईट की व्यवस्था की जाएगी।
(12) नगर पंचायत के भीतर चौक–चौराहे और विशेष स्थानों पर सीसीटीवी की व्यवस्था की जाएगी।
(13) नगर पंचायत में आवश्यकतानुसार विभिन्न स्थानों पर अनुसार महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट, पुरुषों के लिए पेशाबघर एवं सुलभ शौचालय की व्यवस्था की जाएगी।
(14) प्रत्येक वार्डों में बच्चों के लिए चिल्ड्रन पार्क एवं ओपन जिम का निर्माण कराया जाएगा।
(15) युवाओं एवं पुस्तक प्रेमियों के लिए बृहद् पुस्तकालय की स्थापना की जाएगी।
(16) सुसज्जित एवं व्यवस्थित चौपाटी का निर्माण कराया जाएगा।
(17) फुटकर व्यवसायी एवं ठेले–खोमचे वालों को वेंडर पॉलिसी के तहत छोटी दुकानें एवं गुमटी निर्माण कर व्यवस्थापन किया जाएगा।
(18) बुजुर्गों, विधवा /परित्यक्ता महिलाओं और नि:शक्तों के लिए घर बैठे स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण की व्यवस्था की जाएगी।
(19) साप्ताहिक बाजार को विस्तारित एवं व्यवस्थित किया जाएगा।
(20) निर्धन वर्ग के लोगों को मुक्तिधाम में नि:शुल्क लकड़ी के साथ अंतिम क्रिया कर्म के लिए अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराया जाएगा।
(21) सर्वसमाज के धार्मिक स्थलों , देवालयों का जीर्णोद्धार एवं उन्हे सुविधा युक्त बनाने का प्रयास किया जाएगा।



## घोषणा पत्र के प्रमुख वादे...

(1) गायत्री मंदिर परिसर को निजी हाथों से मुक्त कराएंगे,गायत्री मंदिर परिसर को सार्वजनिक एवं व्यक्तिगत कार्यक्रमों के लिए सामान्य वर्ग के लिए 2100 रुपये, निर्धन वर्ग को 1100 रुपये और असमर्थ लोगो के लिए मुफ्त में परिसर उपलब्ध कराएंगे।

(2) गायत्री मंदिर परिसर में बने दुकानों की वास्तविक नीलामी कर जरूरतमंदों को स्वामित्व प्रदान करेंगे।

(3) सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल में बने सार्वजनिक भवनों को शुभ अवसरों एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के लिए कम सुविधा शुल्क में उपलब्ध कराएंगे।

(4) मुक्तिधाम एवं कब्रिस्तान को सर्वसुविधा युक्त बनाया जाएगा।

(5) बालेंदु सागर सहित नगर पंचायत के अंदर स्थित तालाबों का सौन्दर्यीकरण कर उसके पूरे परिसर में झूले, ओपन जिम का निर्माण कराया जाएगा।

(6) खेलप्रेमी एवं युवा खिलाड़ियों के लिए इनडोर बैडमिंटन स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा।

(7) प्रत्येक वार्डों में बिजली, सड़क, पेयजल, स्ट्रीट लाइट की समुचित व्यवस्था कराई जाएगी।

(8) नगर पंचायत बनने से जिन वर्गों को प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष नुकसान का भय है, उनपर सुविधा का विशेष ध्यान दिया जाएगा।

(9) महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु सिलाई, कंप्यूटर, ब्यूटी पार्लर एवं अन्य क्षेत्रों में प्रशिक्षण की समुचित व्यवस्था की जाएगी।

(10) बेरोजगार युवाओं हेतु योजनाबद्ध तरीके से उन्हें कौशल प्रशिक्षण के तहत आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्लंबर, कंप्यूटर ऑपरेटर, घरेलू वायरिंग, टाइल्स, कारपेंटर, मोबाइल रिपेयरिंग इत्यादि के प्रशिक्षण की व्यवस्था महती प्राथमिकता।

(11) पटना मिनी स्टेडियम को सुसज्जित बनाना, बैठने हेतु सीढीयों पर शेड निर्माण तथा रात्रिकालीन खेलों के लिए फ्लड लाईट की व्यवस्था की जाएगी।

(12) नगर पंचायत के भीतर चौक-चौराहे और विशेष स्थानों पर सीसीटीवी की व्यवस्था की जाएगी।

(13) नगर पंचायत में आवश्यकतानुसार विभिन्न स्थानों पर अनुसार महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट, पुरुषों के लिए पेशाबघर एवं सुलभ शौचालय की व्यवस्था की जाएगी।

(14) प्रत्येक वार्डों में बच्चों के लिए चिल्ड्रन पार्क एवं ओपन जिम का निर्माण कराया जाएगा।

(15) युवाओं एवं पुस्तक प्रेमियों के लिए बृहद पुस्तकालय की स्थापना की जाएगी।

(16) सुसज्जित एवं व्यवस्थित चौपाटी का निर्माण कराया जाएगा।

(17) फुटकर व्यवसायी एवं ठेले-खोमचे वालों को वेंडर पॉलिसी के तहत छोटी दुकानें एवं गुमटी निर्माण कर व्यवस्थापन किया जाएगा।

(18) बुजुर्गों, विधवा /परित्यक्ता महिलाओं और निःशक्तों के लिए घर बैठे स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण की व्यवस्था की जाएगी।

(19) साप्ताहिक बाजार को विस्तारित एवं व्यवस्थित किया जाएगा।

(20) निर्धन वर्ग के लोगों को मुक्तिधाम में निःशुल्क लकड़ी के साथ अंतिम क्रिया कर्म के लिए अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराया जाएगा।

(21) सर्वसमाज के धार्मिक स्थलों , देवालयों का जीर्णोद्धार एवं उन्हे सुविधा युक्त बनाने का प्रयास किया जाएगा।

## गोंगपा समर्थित प्रत्याशी के घोषणा-पत्र में हर वर्ग का रखा गया है ध्यान, लगभग सभी मुद्दे हैं शामिल

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी समर्थित प्रत्याशी पिंकी अखिलेश गुप्ता ने जनता के सामने आने वाले चुनाव के बाद अगले 5 वर्षों के लिए जो विजन और जो इरादा घोषणा-पत्र के माध्यम से रखा है, उसमें युवा,बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग,व्यापारी सभी का ध्यान और संतुलन रखा है। और यही कारण है कि उनके द्वारा घोषणा-पत्र जारी करते ही घोषणा-पत्र की बातें न केवल नगरीय क्षेत्र पटना में बल्कि पूरे कोरिया जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। घोषणा-पत्र में सबसे बड़ी चर्चा का विषय प्रथम दो वादे हैं, जिसके लिए अखिलेश गुप्ता ने विगत कई वर्षों से लड़ाई भी छेड़ रखी है। और यह वादे जनता को प्रभावित करने वाले हैं, ऐसा प्रतीत हो रहा है। क्योंकि जिस मुखरता से विगत कुछ वर्षों में अखिलेश गुप्ता ने पटना की जनता के समक्ष इन बातों को उठाया है, लोग दबी जुबान से उनकी तारीफ करते नहीं थकते।

## कुछ नया लाने के लिए भाजपा कांग्रेस को करनी पड़ सकती है कड़ी मशक्कत, वरना करना पड़ेगा गोंगपा का नकल

सोशल मीडिया के माध्यम से अध्यक्ष पद की दावेदार प्रत्याशी पिंकी अखिलेश गुप्ता द्वारा अपना वचन पत्र सह घोषणा पत्र जारी करते ही भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के लिए मुसीबत बन गई है। उनके द्वारा अपने घोषणा पत्र में जिस प्रकार हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ बातें कही गई हैं, अब भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के लिए कुछ नया करने को दिख नहीं रहा है। ऐसे में यदि भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस अपना घोषणा पत्र लाती हैं, तो उसमें नयापन लाने के लिए उन्हें कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी, अन्यथा गोंगपा प्रत्याशी के घोषणा पत्र की नकल करनी पड़ेगी। नकल करने की दशा में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों को नुकसान हो सकता है, क्योंकि चुनाव प्रचार के दरमियान यह बात बार-बार सामने आने वाली है। वैसे भी अखिलेश गुप्ता काफी साहसी और मुखर व्यक्तित्व के धनी हैं, और अपनी बेबाकी के लिए जाने जाते हैं। इनके घोषणा पत्र के नकल की दशा में बड़ी जोर शोर से यह बात उनके द्वारा उठाई जा सकती है।

## गोंगपा प्रत्याशी पिंकी अखिलेश गुप्ता के मैदान में उतरने से त्रिकोणीय हो सकता है मुकाबला, बीजेपी की टेंशन ज्यादा

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की समर्थित प्रत्याशी पिंकी अखिलेश गुप्ता के पति अखिलेश गुप्ता पूर्व में भाजपा के सदस्य रहे हैं, जो कि अपनी बेबाकी और सहासिकता के लिए जाने जाते हैं। मुद्दों को पुरजोर तरीके से उठाना उनके लिए सामान्य बात है। भारतीय जनता पार्टी में रहते हुए भी उन्होंने समय-समय पर अपनी बात बड़ी निडरता से पार्टी के शीर्ष नेताओं के सामने रखी है। वर्तमान में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी में शामिल होने के बाद और उनके द्वारा नगर पंचायत पटना के अध्यक्ष पद की दावेदारी करने के पश्चात कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। इसमें भी पटना भाजपा के नेताओं के लिए अखिलेश गुप्ता की निडरता, साहसिकता और बेबाकीपन उनके बढ़े हुए टेंशन का कारण बन सकता है।

# सद्भावना दौड़: सद्भाव,सौहार्द्र,प्रेम, सहयोग और एकता को बढ़ावा देने कोरियावासियों ने लगाई दौड़

-संवाददाता-
कोरिया,25 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

गणतंत्र दिवस के एक दिन पूर्व कोरिया जिले में सामुदायिक सद्भावना और एकता को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष दौड़ का आयोजन किया गया। बैकुंठपुर में आयोजित इस 'सद्भावना दौड में जिले के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



दौड़ की शुरुआत सुबह 7:30 बजे कुमार चौक से प्रारंभ होकर मिनी स्टेडियम, बैकुंठपुर में संपन्न हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में सद्भाव, सौहार्द, प्रेम और एकता को बढ़ावा देना था। कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक श्री रवि कुमार कुर्रे, जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने दौड़ में भाग लेकर इस आयोजन को और भी महत्वपूर्ण बना दिया। कलेक्टर ने इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए देश की आजादी व संविधान के महत्व को रेखांकित किया और आपसी प्रेम और सहयोग से जिले को और भी विकसित बनाने की अपील की। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने सभी प्रतिभागियों को देश की अखंडता, सुरक्षा, शांति और सद्भावना बनाए रखने की शपथ भी दिलाई गई। साथ ही नशे के विरुद्ध जन भागीदारी के साथ लड़ने की अपील करते हुए इसके दुष्परिणाम के बारे में जन-जागरूकता पर बल देने की अपील की। ुलिस अधीक्षक श्री रवि कुमार कुर्रे ने भी आपसी भाईचारा और एकता को मजबूत बनाए रखने पर जोर दिया। इस प्रकार, कोरियावासियों ने गणतंत्र दिवस से एक दिन पहले आयोजित इस कार्यक्रम में सद्भावना दौड़ लगाकर जिले में सद्भाव और एकता का संदेश देने में सफल रहा।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# लांस नायक महेश मिश्रा सर्वोच्च सम्मान राष्ट्रपति पदक से नवाजे जाएंगे



-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,25 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

जिले वासियों के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि भरी खबर जिले के आन बान और शान यातायात की पहचान प्रेम की प्रतिमूर्ति और कर्तव्यनिष्ठता की मिसाल ट्रैफिक मैन के नाम से मशहूर लांस नायक महेश मिश्रा को मिला सर्वोच्च सम्मान राष्टपति पदक से नवाजे जाएंगे मिलेगा आउट ऑफ टर्न प्रमोशन अपने विभाग में छत्तीसगढ़ प्रदेश से अकेले हुए चयनित बढ़ाया जिले का मान और सम्मान, पिछले 18 साल से शासकीय ड्यूटी निभाने के साथ ही सेवा का पर्याय बन चुके लांस नायक महेश मिश्रा कोरिया जिले एवं छत्तीसगढ़ में ट्रैफिक मैन के नाम से प्रसिद्ध हैं। कोरोना काल में भी उन्होंने गरीबों व जरूरतमंदों की खूब सेवा की। स्वयं के खर्चे पर 500 से अधिक ट्रैफिक जागरुकता कैंप लगवाने के साथ ही वाहन चालकों को निःशुल्क चश्मा वितरण, सड़क के गड्ढे भरने से लेकर कई प्रकार के काम कर वे सुर्खियां बटोर चुके हैं। वे 3 विषयों में गोल्ड मेडलिस्ट भी हैं। इन्हीं सब सेवा भावों को देखते हुए लांस नायक महेश मिश्रा राष्टपति पदक से नवाजे जाएंगे।

राष्टपति पदक मिलने के साथ ही लांस नायक महेश मिश्रा को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन मिलेगा साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों एवं आयोजनों में बैठने हेतु सीट निर्धारण के साथ ही भारतीय रेल में सफर के दौरान किराए पर छूट की पात्रता होगी, लांस नायक महेश मिश्रा स्नातकोत्तर की परीक्षा में संस्कृत, राजनीति विज्ञान एवं समाजशास्त्र विषय में गोल्ड मेडलिस्ट हैं।वहीं वर्तमान में यातायात नियमों के परिपालन संबंधी जागरूकता का अध्ययनः छत्तीसगढ़ राज्य के कोरिया जिले के विशेष परिपेक्ष्य में विषय पर पीएचडी स्कॉलर हैं। राष्टपति पदक से नवाजे जाने पर पर लांस नायक मिश्रा ने कहा कि यह मेरा व्यक्तिगत नहीं, बल्कि जिले सहित प्रदेश का सम्मान है। यातायात जन जागरुकता अभियान में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जिले वासियों का भरपूर सहयोग मिलता रहा है, जिसका सार्थक परिणाम रहा है कि वृहद पैमाने पर कार्यक्रम कराए गए। आगे भी नई ऊर्जा, जोश एवं उत्साह के साथ यातायात जन जागरुकता अभियान जारी रहेगा। राष्टपति पदक हेतु महेश मिश्रा का नाम सुनते ही उन्हें बधाई देने वालों का तांतां लगा है।

# आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले ट्राई सीरीज के शेड्यूल का हुआ ऐलान



» इन तीन टीमों के बीच होगी भिड़ंत

न्यू साऊथ वेल्थ,25 जनवरी 2025। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज होने में अब एक महीने से भी कम का समय बचा है, जिसको लेकर सभी 8 टीमें अपनी तैयारियों को उससे पहले पूरी तरह से पुख्ता रखना चाहती हैं। इसी कड़ी में मेजबान पाकिस्तान की टीम अपने घर पर साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ 8 से 14 फरवरी तक ट्राई सीरीज खेलेगी, जिसको लेकर पीसीबी की तरफ से पूरे शेड्यूल का भी ऐलान कर दिया गया है।

### लाहौर और कराची में खेले जाएंगे ट्राई सीरीज के मुकाबले

19 फरवरी से जहां चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज होगा तो वहीं इससे पहले 8 फरवरी से ट्राई सीरीज खेली जाएगी, जिसमें इसके मुकाबले पाकिस्तान के 2 शहर लाहौर और कराची में खेले जाएंगे। पाकिस्तान ने अभी तक जहां चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी टीम का ऐलान नहीं किया है तो वहीं न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका की टीम का ऐलान हो चुका है, जिसमें उनकी यही टीम ट्राई सीरीज में भी खेलते हुए दिखाई देगी। ट्राई सीरीज के पहले 2 मुकाबले लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेले जाएंगे, जबकि इसके बाद कराची में एक मुकाबला और फाइनल मैच होगा।

### चैंपियंस ट्रॉफी से पहले मिलेगा तैयारी का अच्छा मौका

पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले लाहौर, कराची और रावलपिंडी के मैदान पर खेले जाएंगे तो वहीं भारतीय टीम अपने मैच दुबई के मैदान पर खेलने उतरेगी। ऐसे में न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका की टीम को ट्राई सीरीज के जरिए अपनी तैयारी पुख्ता करने का शानदार मौका मिलेगा। जिसमें अफ्रीका की टीम चैंपियंस ट्रॉफी में ग्रुप-बी का हिस्सा है, जिसमें उसे कराची और रावलपिंडी में ही अपने मुकाबले खेलने हैं। बता दें कि पाकिस्तान की टीम अभी अपने घर पर वेस्टइंडीज के साथ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रही है, जिसके बाद वह इस ट्राई सीरीज में खेलेगी।

### ट्राई सीरीज का पूरा शेड्यूल

पाकिस्तान बनाम न्यूजीलैंड - 8 फरवरी, लाहौर
न्यूजीलैंड बनाम साउथ अफ्रीका - 10 फरवरी, लाहौर
पाकिस्तान बनाम साउथ अफ्रीका - 12 फरवरी, कराची
फाइनल - 14 फरवरी, कराची



## नोमान अली ने हैट्रिक लेकर रचा इतिहास

नई दिल्ली,25 जनवरी 2025। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के स्पिनर नोमान अली ने वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ मुल्तान में खेले शुरु हुए सीरीज के दूसरे टेस्ट में हैट्रिक सहित 5 विकेट लेने का कारनामा किया है।वह पाकिस्तान के लिए टेस्ट क्रिकेट में हैट्रिक लेने वाले पहले स्पिनर हैं। इसी तरह यह उनका 8वां 5 विकेट हॉल भी है।उनकी गेंदबाजी के कारण ही वेस्टइंडीज ने पहली पारी में 95 रन पर 9 विकेट गंवा दिए हैं।38 वर्षीय नोमान ने क्रैग ब्रैथवेट (9) को आउट कर मैच में अपने विकेटों का खाता खोला।
इसके बाद उन्होंने पारी के 12वें और अपने कोटे के तीसरे आवेर की पहली तीन गेंदों पर क्रमशः जस्टिन ग्रीव्स (1), टेविन इमलाच (0) और केविन सिंक्लेयर (0) को आउट कर अपनी हैट्रिक पूरी की।
इसके बाद उन्होंने केमार रोच (25) को आउट कर अपने 5 विकेट पूरे किए। वह पारी में अब तक 13 ओवर में 31 रन खर्च कर चुके हैं।
नोमान पाकिस्तान के लिए टेस्ट क्रिकेट में हैट्रिक लेने वाले पहले स्पिनर होने के साथ यह कारनामा करने वाले कुल 5वें गेंदबाज हैं।

# मैडिसन कीज ने जीता महिला सिंगल्स का खिताब

» फाइनल में सबालेंका को दी मात

सिडनी,25 जनवरी 2025। ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 में 25 जनवरी को महिला सिंगल्स का फाइनल मुकाबला अमेरिका की 19वीं वरीयता प्राप्त मैडिसन कीज और महिला रैंकिंग में वर्ल्ड नंबर-1 खिलाड़ी अरीना सबालेंका के बीच खेला गया। इस मैच को सभी को उम्मीद थी कि सबालेंका खिताब जीतने में कामयाब होंगी लेकिन अमेरिकी खिलाड़ी मैडिसन ने बड़ा उलटफेर करने के साथ तीन सेट में मुकाबले को अपने नाम करने साथ इस खिताब को भी जीता। इस मैच में सबालेंका ने पहला सेट गंवाने के बाद दूसरे सेट में वापसी तो की लेकिन तीसरे और निर्णायक सेट को मैडिसन ने जीतने के साथ अपने करियर का पहला ग्रैंड स्लैम टाइटल भी जीता।



### सबालेंका का लगातार तीसरी बार खिताब जीतने का सपना टूटा

मैडिसन कीज और अरीना सबालेंका के बीच खेले गए ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 महिला सिंगल्स ग्रैंड स्लैम फाइनल मुकाबले को लेकर बात की जाए तो उसमें पहले सेट को मैडिसन ने 6-3 से अपने नाम किया वहीं इसके बाद दूसरे सेट में अरीना सबालेंका ने शानदार वापसी करने के साथ उसे 6-2 से जीता। अब 1-1 से मैच बराबरी पर आने के बाद सभी फैंस की नजरें तीसरे और निर्णायक सेट पर थी जिसमें मैडिसन ने फिर से वापसी करने के साथ इस रोमांचक सेट को 7-5 से जीता और अरीना सबालेंका का लगातार तीसरी बार खिताब जीतना का सपना भी तोड़ दिया। यदि सबालेंका ऐसा करने में कामयाब होती तो वह साल 1997 से 1999 में मार्टिना हिंगिस के बाद पहली महिला खिलाड़ी होती जो मेलबर्न पार्क में लगातार तीन बार इस खिताब को अपने नाम करती।

### मैडिसन कीज ने जीता अपने करियर का पहला ग्रैंड स्लैम टाइटल

अमेरिका की 19 वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी मैडिसन कीज अपने टेनिस करियर में पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम खिताब को अपने नाम करने में कामयाब हुई हैं। मैडिसन कीज ने साल 2017 में हुए यूएस ओपन के फाइनल में भी जगह बनाई थी जहां पर उन्हें हार का सामना करना पड़ा था और फिर अब दूसरी बार ही किसी ग्रैंड स्लैम टाइटल के फाइनल तक का सफर करने में कामयाब हुई हैं, जहां उन्होंने खिताब को भी जीता है। बता दें अब सभी की नजरें ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 के पुरुष सिंगल्स के फाइनल पर टिकी हुई हैं, जिसका मुकाबला 26 जनवरी को यानिक सिनर और ज्वेरेव के बीच में मेलबर्न पार्क में ही खेला जाएगा।

# रणजी ट्रॉफी में जम्मू-कश्मीर की टीम ने किया बड़ा उलटफेर



### डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई को दी 5 विकेट से मात

मुंबई,25 जनवरी 2025। रणजी ट्रॉफी 2024-25 में एक बड़ा उलटफेर 25 जनवरी को डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई की टीम के साथ देखने को मिला जिसमें एलीट ग्रूप-ए में जम्मू-कश्मीर के खिलाफ मुकाबले में उन्हें 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में मुंबई की टीम खेल के तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में 290 रन बनाकर सिमट गई, जिससे जम्मू-कश्मीर की टीम को चौथी पारी में जीत हासिल करने के लिए 205 रनों का टारगेट मिला, जिसे उन्होंने 49 ओवर्स में चेज करने के साथ इस सीजन में अपनी चौथी जीत दर्ज की और 29 अंकों के साथ प्वाइंट्स टेबल में पहला स्थान भी हासिल किया।

### जम्मू-कश्मीर के गेंदबाजों और बल्लेबाजों दोनों का दिखा बेहतर प्रदर्शन

इस मुकाबले को लेकर बात की जाए तो मुंबई के शरद पवार क्रिकेट अकेडमी बीकेसी में खेले गए इस मैच में शुरू से ही जम्मू-कश्मीर के गेंदबाजों और बल्लेबाजों का प्रदर्शन मुंबई की टीम के मुकाबले काफी बेहतर देखने को मिला। मुंबई की टीम इस मैच में अपनी पहली पारी में सिर्फ 120 रन बनाकर सिमट गई जिसमें शार्दुल ठाकुर के बल्ले से अर्धशतकीय पारी देखने को मिली थी। इसके जवाब में जम्मू-कश्मीर की टीम अपनी पहली पारी में 206 रन बनाने के साथ अहम बढ़त भी हासिल करने में कामयाब रही। मुंबई की तरफ से दूसरी पारी में भी उनके ऊपरी क्रम के बल्लेबाजों का निराशाजनक प्रदर्शन देखने को मिला जिसमें शार्दुल ठाकुर के शतक के दम पर टीम 290 के स्कोर तक पहुंच सकी। जम्मू-कश्मीर को मिले 205 रनों के टारगेट में उनकी टीम से शुभम खजूरिया ने 45 रन, विवरांत शर्मा ने 38 जबकि आबिद मुश्ताक के नाबाद 32 रनों की बदौलत वह इस मैच को अपने नाम करने में कामयाब रहे।

### युद्धवीर सिंह का दोनों पारियों में गेंद से दिखा कमाल


जम्मू-कश्मीर के लिए इस मुकाबले में तेज गेंदबाज युद्धवीर सिंह का दोनों पारियों में कमाल देखने को मिला जिसमें उन्होंने पहली पारी में जहां 4 विकेट अपने नाम किए तो वहीं दूसरी पारी में भी वह तीन विकेट लेने में कामयाब रहे। युद्धवीर सिंह को उनके इस शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब भी दिया गया। एलीट ग्रुप-ए में जहां अब जम्मू-कश्मीर की टीम इस जीत के साथ पहले नंबर पर पहुंच गई है तो मुंबई की टीम 22 अंकों के साथ अब तीसरे स्थान पर है। जम्मू-कश्मीर की टीम को अब ग्रुप स्टेज का आखिरी मुकाबला बड़ौदा की टीम के खिलाफ 30 जनवरी से खेलना है तो वहीं मुंबई की भिड़ंत मेघालय की टीम से होगी।

# डी गुकेश ने अब्दुसात्तोरोव को बराबरी पर रोका



### प्रज्ञानानंदा संयुक्त रूप से शीर्ष पर

विज्क आन जी (नीदरलैंड),25 जनवरी 2025। विश्व चैंपियन डी गुकेश ने यहां टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के छठी बाजी में संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव के साथ ड्रॉ खेला, जबकि आर प्रज्ञानानंदा ने गत चैंपियन चीन के वेई यी के साथ अंक साझा किये। अब्दुसात्तोरोव और प्रज्ञानानंदा संभावित छह में से 4.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज है जबकि गुकेश चार अंकों के साथ उनके बाद है। साल के पहले बड़े टूर्नामेंट में अभी सात बाजियों के मुकाबले बाकी हैं।पी हरिकृष्णा, सर्बिया के एलेक्सी सरना और स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसीव साढे तीन अंकों के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। गुकेश ने अब्दुसात्तोरोव के खिलाफ चुनौतीपूर्ण मुकाबले में पकड़ ढीली पड़ने के बाद अच्छी वापसी की और 64 चालों के बाद इसे ड्रॉ करने पर सहमत हो गये। इस मुकाबले की शुरुआत इटालियन ओपनिंग (सफेद मोहरों से प्यादा और वजीर के चाल के जवाब में काले मोहरों से प्यादा और घोड़े (नाइट) की चाल) से हुई।



# वर्ल्ड गवर्निंग बॉडी ने दी धमकी

### इंटरनेशनल लेवल पर भारत को कुश्ती से कर दिया जाएगा सस्पेंड


यूएसए,25 जनवरी 2025। अंतरराष्ट्रीय लेवल पर कुश्ती की गवर्निंग बॉडी यूडब्ल्यूडब्ल्यू यानी यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने धमकी दी है। यूडब्ल्यूडब्ल्यू की इस धमकी में कहा गया है कि अगर भारतीय महासंघ में राजनीतिक हस्तक्षेप जल्द खत्म नहीं हुआ तो वह भारत को सस्पेंड कर दिया जाएगा।
ऐसे में अगर यूडब्ल्यूडब्ल्यू भारत को राजनीतिक हस्तक्षेप के लिए निलंबित करता है तो देश के पहलवानों को भविष्य में इंटरनेशनल लेवल पर भाग लेने की अनुमति नहीं मिलेगी। जो भारत के उन कई रेसलर्स के लिए झटका होगा जो इस खेल में अपना भविष्य देख रहे हैं और ओलंपिक, एशियन गेम्स और कॉमनवेल्थ और वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत को मेडल जिताने का सपना देख रहे हैं।
यूडब्ल्यूडब्ल्यू प्रेसिडेंट नेनाद लालोविक ने साफ कर दिया है कि यूडब्ल्यूडब्ल्यू की सदस्यता बरकरार रखी जानी चाहिए।

# फराह मैम के साथ काम करना कभी ना भूलने वाला : जुनैद खान

अभिनेता आमिर खान के बेटे जुनैद खान ने फराह खान के साथ काम करने पर बात की। उन्होंने बताया कि डांसिंग कौशल में आने वाली परेशानियों के बावजूद इसे फराह खान ने कैसे आसान और सहज बनाया। जुनैद ने उनके साथ काम करने को कभी ना भूलने वाला बताया।जुनैद ने हाल ही में कोरियोग्राफर-निर्देशक फराह के साथ काम करने का अनुभव साझा किया। फराह खान ने जुनैद और खुशी कपूर के साथ अपकमिंग



लवयापा' के गाने रहना कोल' को कोरियोग्राफ किया है।लवयापा' को लेकर जुनैद ने कहा, फराह मैम के साथ काम करना कभी ना भूलने वाला रहा है। वह सेट पर शानदार उपस्थिति लेकर आती हैं। मैं इतने सम्मानित और अनुभवी व्यक्ति से सीखने के अवसर के लिए वास्तव में आभारी हूं। एक डांसर के रूप में मेरी कमजोरियों के बावजूद, उनकी एनर्जी ने मुझे सहज महसूस कराया और इससे मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर ध्यान केंद्रित कर पाया।दिलचस्प बात यह है कि आमिर खान की फिल्म जो जीता वो सिकंदर' (1992) के मशहूर गाने पहला नशा' को कोरियोग्राफ करने वाली फराह ने अब आमिर के बेटे जुनैद के लिए भी गाना कोरियोग्राफ किया है। फराह के साथ काम करने के अपने अनुभव को याद करते हुए जुनैद ने इसे अपनी जिंदगी के सबसे यादगार पलों में से एक बताया।लवयापा' के बारे में बता दें कि यह एक युवा जोड़े के सफर को दिखाती है, जिनके रिश्ते में तब मुश्किलें आती हैं, जब वे मोबाइल फोन की अदला-बदली करते हैं और एक-दूसरे के बारे में कुछ सच्चाइयों को जान जाते हैं।



# आदि की हॉरर थ्रिलर सबधाम की रिलीज डेट तय

अरिवाझगन द्वारा निर्देशित आदि की हॉरर थ्रिलर सबधाम 28 फरवरी, 2025 को रिलीज़ होने वाली है। इस तमिल-तेलुगु द्विभाषी फिल्म में आदि और अरिवाझगन फिर से साथ आ रहे हैं, जिन्होंने पहले समीक्षकों द्वारा प्रशंसित 2009 की हॉरर फिल्म ईरम में साथ काम किया था। लक्ष्मी मेनन, लैला और सिमरन की प्रमुख भूमिकाओं वाली सबधाम का टीज़र एक खौफनाक कहानी की ओर इशारा करता है। आदि एक शिक्षक की भूमिका में हैं जो एक महिला की आत्महत्या से शुरू हुई कॉलेज के भीतर भयानक घटनाओं की जांच कर रहा है। फिल्म एक भावनात्मक अंतर्धारा की खोज करती है, जो अरिवाझगन के निर्देशन की एक खासियत है, जो ईरम / वैशाली में स्पष्ट है और एम नाइट श्यामलन की सिक्स्थ सेंस से प्रेरित है।7जी फिल्म्स और अल्फा फ्रेम्स द्वारा समर्थित अरिवाझगन के प्रोडक्शन वेंचर में एक प्रतिभाशाली तकनीकी दल है। एस थमन ने संगीत तैयार किया है, अरुण बाथमनबन ने सिनेमैटोग्राफी संभाली है और सबु जोसेफ वीजे ने संपादन किया है। थमन और अरिवाझगन ने पहले ईरम, वलिनम और आराथु सिनम में सहयोग किया था।जैसे-जैसे सबधाम रिलीज के करीब आ रहा है, हॉरर और भावनात्मक गहराई के मिश्रण के लिए उम्मीदें बढ़ रही हैं। क्या आधी और अरिवाझगन ईरम का जादू फिर से जगा पाएंगे? लक्ष्मी मेनन और सिमरन की भूमिकाएँ कैसे सामने आएंगी? 28 फरवरी के लिए उल्टी गिनती शुरू हो गई है।

# मोनालिसा की लेटेस्ट तस्वीरों ने इंटरनेट पर मचाया बवाल



भोजपुरी इंडस्ट्री की हॉट क्वीन मोनालिसा हमेशा अपने लेटेस्ट लुक्स से इंटरनेट पर कहर बरपाती रहती हैं। उनका स्टनिंग अंदाज इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस एक बार फि से बेकाबू हो गए हैं। एक्ट्रेस मोनालिसा जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर अक्सर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं।इन तस्वीरों में उनका किलर और हॉट अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से उनके हुस्न के कायल हो गए हैं। मोनालिसा की इन फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने बेहद ही सिजलिंग अंदाज में पोज दिया है।मोनालिसा की इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं उन्होंने व्हाइट और रेड कलर का बेहद ही सेक्सी आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो बेहद ही खूबसूरत और ग्लैमरस नजर आ रही हैं।बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर अक्सर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए नहीं थकते हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाता रहता है।खुले बाल, लाइट मेकअप और रेड लिप्सटिक लगाकर एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से कंप्लीट किया है। उनका ये लुक फैंस के बीच आते ही बवाल मचाने लग गया है।मोनालिसा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है। वो जब भी अपनी फोटोज फैंस के बीच शेयर करती हैं तो फैंस उनके हर एक स्टाइल को काफी फॉलो करते हैं।

CMYK

# डीएसपी अंजू समेत 11 को मिलेगा राष्ट्रपति के वीरता पदक

### » आईपीएस राहुल भगत को सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक

**रायपुर,25 जनवरी 2025(ए)।** स्वतंत्रता दिवस 2024 के अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग के 25 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वीरता पदक, विशिष्ट सेवा पदक एवं सराहनीय सेवा पदक से विभूषित करने की घोषणा की है। इसके बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, गृहमंत्री विजय शर्मा और डीजीपी अशोक जुनेजा ने पदक से विभूषित पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिजनों को शुभकामनाएं दी है।

### 15 पुलिसकर्मियों को वीरता पदक

जिन पुलिसकर्मियों को वीरता पदक मिलेगा उनमें शिशुपाल सिन्हा, निरीक्षक, जिला बालोद, निर्मल जांगड़े, उप निरीक्षक, हाल निरीक्षक, जिला कांकेर, अमैया चिलमुल, प्रधान आरक्षक, जिला बीजापुर, फुल्ला गोपाल, प्रधान आरक्षक, जिला बीजापुर, तुलाराम कुहरामी, प्रधान आरक्षक, जिला बीजापुर, गोपाल बोड्डु, आरक्षक, जिला बीजापुर, हेमन्त एण्ड्रिक, आरक्षक, जिला बीजापुर, मोती लाल राठौर, आरक्षक, जिला बीजापुर, गोविन्द सोढ़ी, आरक्षक, जिला बीजापुर, सुकारू राम, आरक्षक, जिला बीजापुर,मुन्ना कड़ती, आरक्षक, जिला बीजापुर, कृष्णा गाली, आरक्षक, जिला बीजापुर, भीमा, आरक्षक, जिला बीजापुर, धनीराम कोरसा, आरक्षक, जिला बीजापुर, कृष्णा ताती, आरक्षक, जिला बीजापुर शामिल हैं।



### विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक

आनंद सिंह रावत, सहायक सेनानी, पीटीसी बोरगांव को राष्ट्रपति पुलिस पदक से नवाजा जाएगा।

### सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक

सुशील चंद्र द्विवेदी, पुलिस महानिरीक्षक, अअवि, पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर, राहुल भगत, सचिव, मुख्यमंत्री, छग शासन, रायपुर, राजकुमार मिंज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण शाला, माना-रायपुर, गुरजीत सिंह ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक, जिला रायपुर,प्रशांत श्रीवास्तव, सहायक सेनानी, मुख्यमंत्री सुरक्षा, वीआईपी सुरक्षा, रायपुर, प्रभु लाल कोमरे, कंपनी कमाण्डर, 19वीं वाहिनी, छसबल, जगदलपुर, द्वारिका प्रसाद मिश्रा, उप निरीक्षक, जिला बस्तर, धरम सिंह नरेटी, प्रधान आरक्षक, जिला सुकमा, रविन्द्र कुमार ठाकुर, प्रधान आरक्षक, जिला कांकेर शामिल हैं।

## केंद्र सरकार ने की पद्म पुरस्कारों की घोषणा

### पंडी राम मंडावी पुरस्कारों की सूची में शामिल

केंद्र सरकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर पद्म पुरस्कारों की घोषणा कर दिया है। इस बार छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के गोंड मुरिया जनजाति के जाने-माने कलाकार पंडी राम मंडावी को भी पद्मश्री पुरस्कारों की सूची में शामिल किया गया है। पारंपरिक वाद्ययंत्र निर्माण और लकड़ी की शिल्पकला के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए पंडी राम मंडावी को पद्मश्री से नवाजा जाएगा। 67 वर्षीय पंडी राम मंडावी की विशेष पहचान बांस की बस्तर बांसुरी, जिसे सुलुर' कहा जाता है, के निर्माण में है। इसके अलावा, उन्होंने लकड़ी के पैनलों पर उभरे हुए चित्र, मूर्तियां और अन्य शिल्पकृतियों के माध्यम से अपनी कला को वैश्विक स्तर पर पहुंचाया है। पंडी राम मंडावी ने मात्र 12 वर्ष की आयु में अपने पूर्वजों से यह कला सीखी और अपने समर्पण व कौशल के दम पर छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। सिर्फ इतना ही नहीं एक सांस्कृतिक दूत के रूप में उन्होंने अपनी कला का प्रदर्शन 8 से अधिक देशों में किया है। साथ ही, अपने कार्यशाला के जरिए 1,000 से अधिक कारीगरों को प्रशिक्षण देकर इस परंपरा को नई पीढ़ियों तक पहुंचाने का कार्य किया है। गौरतलब है कि नामों के ऐलान के बाद मार्च या अप्रैल महीने में राष्ट्रपति भवन में आयोजित किये जाने वाले सम्मान समारोहों में भारत के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पद्म पुरस्कार विजेताओं को दिया जाता है। पद्म पुरस्कारों को तीन श्रेणियों में दिया जाता हैं, जिनमें पद्म विभूषण,पद्म भूषण और पद्मश्री शामिल हैं।



## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### बाबा रामदेव और रमन सिंह की मुलाकात



**रायपुर,25 जनवरी 2025(ए)।** बाबा रामदेव कल से रायपुर आए हुए है। इस बीच उनकी मुलाकात पूर्व सीएम रमन सिंह से हुई। एक्स पोस्ट में रमन सिंह ने बताया कि आज निवास स्थान स्पीकर हाउस, शंकर नगर, रायपुर में योगऋषि स्वामी रामदेव से शिष्टाचार भेंट का अवसर प्राप्त हुआ। इस मौके बाबा रामदेव जी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कीं और योग के साथ शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर विस्तृत और सार्थक संवाद किया।

### बजट 2025-26 पर मंत्री ओपी चौधरी का बड़ा बयान




**रायपुर,25 जनवरी 2025(ए)।** बजट 2025-26 पर मंत्री ओपी चौधरी ने बड़ा बयान दिया है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ का आने वाला बजट प्रदेश के समग्र विकास को नई दिशा देगा। इसमें मोदी जी की गारंटी, माताओं-बहनों के लिए विशेष योजनाओं और राज्य के पूंजीगत विकास पर जोर दिया जाएगा, जिससे छत्तीसगढ़ को समृद्ध और विकसित राज्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जाएंगे।




## डॉक्टर पर गंदी हरकत का आरोप

**रायपुर,25 जनवरी 2025(ए)।** रायपुर एम्स के डॉक्टर पर सेक्सुअल हैरेसमेंट का आरोप लगा है। उन्होंने एक महिला मरीज, दो जूनियर डॉक्टरों की चेस्ट और शरीर के कई अंगों पर बैड टच किया है। पीड़ित महिलाओं ने एम्स में शिकायत दी। जिसमें एम्स की इंटरनल कमेटी की रिपोर्ट में उन्हें दोषी पाया गया है। लेकिन इसके बावजूद एम्स प्रबंधन ने कोई एक्शन नहीं लिया। पीड़िता ने प्रबंधन को अपनी शिकायत में बताया कि, अर्थराइटिस नाम की बीमारी से पीड़ित है। जिसके इलाज के लिए वो जनवरी 2022 से एम्स के पीआरएम डिपार्टमेंट में इलाज करवा रही थी। तभी डॉ अमोल बी खडे एसोसिएट प्रोफेसर की ओपीडी में इलाज करवाने के लिए गई। इस दौरान डॉक्टर अमोल ने उनके साथ गंदी हरकत की। आगे पीड़िता ने बताया कि, डॉक्टर ने गलत तरीके से सीने में हाथ लगाया। जिसके बाद उन्होंने पीआरएम डिपार्टमेंट में जाना बंद कर दिया। इस मामले में एम्स प्रबंधन ने 8 सदस्यों की इंटरनल कमेटी बनाई। इस कमेटी की 2 जांच रिपोर्ट में डॉ. अमोल बी खडे को दोषी पाया गया है। उन पर सेक्सुअल हैरेसमेंट के आरोप पर कमेटी ने एक्शन लेने की सिफारिश भी की है। इसके अलावा एक अन्य जांच में कमेटी ने पीड़ित को लीगल एक्शन लेने की सलाह दी है। हालांकि इस रिपोर्ट में उन्हें दोषी नहीं बताया है।

## सेक्स चैट कर फंसे रिटायर्ड प्रोफेसर



**बलौदाबाजार,25जनवरी 2025(ए)।** जिले में अंजान व्हाट्सएप वीडियो कॉल के जरिए रिटायर्ड प्रोफेसर को सेक्स चैट में फंसाकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने वीडियो रिकॉर्ड कर बदनाम करने और कानूनी कार्रवाई में फंसाने की धमकी देकर मोटी रकम की उगाही कर ली। इस मामले में पीड़ित सेवानिवृत प्रोफेसर ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली थाना क्षेत्र के सेवानिवृत प्रोफेसर लोकनाथ ध्रुव ने अपनी शिकायत में बताया है कि उसे अंजान नंबर से वीडियो कॉल आया, जिसमें उसे सेक्स चैट में फंसाया गया। कॉल रिकॉर्डिंग के जरिए आरोपी ने ब्लैकमेल कर 6.83 लाख रुपए वसूल लिए। पीड़ित रिटायर्ड प्रोफेसर ने लोगों से अपील की है कि इस तरह का कोई लिंक या काल आए तो उसका उपयोग न करें। सीधे पुलिस थाने में सूचना दें। .

## एमबीए में प्रवेश और एक माह की पढ़ाई के बाद कॉलेज ने निकाला




### हाईकोर्ट ने 2 लाख रुपये मुआवजे का दिया आदेश

**बिलासपुर,25 जनवरी 2025 (ए)।** हाई कोर्ट ने एक निजी शिक्षण संस्थान की मनमानी पर कड़ा फैसला सुनाया है। यहां एमबीए में प्रवेश लेकर एक माह तक नियमित कक्षाएं अटेंड करने के बाद छात्रा का प्रवेश रद्द कर कर दिया गया। इस मामले में हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है।

### ब्याज के साथ फीस वापसी और 2 लाख जुर्माना

कोर्ट ने रुंगटा एजुकेशनल फाउंडेशन के डायरेक्टर को छात्रा से ली गई फीस पर 8 प्रतिशत मासिक ब्याज सहित वापस करने और साथ ही 2 लाख रुपये का मुआवजा अदा करने का निर्देश दिया है।




## नक्सलियों ने अपने लीडर दामोदर को जिंदा होना बताया

**कांकेर,25 जनवरी 2025(ए)।** 16 जनवरी 2025 को पुजारी कांकेर की मुठभेड़ को लेकर नक्सलियों के 2 प्रेस नोट जारी हुए है। पहले प्रेस नोट में कहा कि, इस मुठभेड़ में उनका लीडर दामोदर समेत उनके 18 साथी मारे गए हैं। 12 के शव पुलिस लेकर चली गई है, जबकि दामोदर समेत 6 के शव उनके पास हैं। अब दक्षिण बस्तर डिवीजन कमेटी की तरफ से आए प्रेस नोट में नक्सली प्रवक्ता समता ने कहा कि, उनका लीडर दामोदर जिंदा है। वह सुरक्षित है। पुलिस ने 12 लोगों को मारा है। इसमें उनके 8 साथी और 4 गांव वाले हैं। आरोप है कि पुलिस ने पहले नक्सल संगठन के नाम से फर्जी पर्चा जारी किया था।



## श्मशान घाट बना जंग का मैदान



### मारपीट में 11 लोग घायल

**जगदलपुर,25 जनवरी 2025(ए)।** बस्तर में एक बार फिर शव दफनाने के नाम पर दो पक्षों के बीच बवाल मच गया है. मामला बेलर गांव का है, जहां धर्मांतरित महिला के शव को दफनाने को लेकर हुए सिर फुटौव्वल में 11 लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, पुलिस ने मामले में 21 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कर सात लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं घटना के बाद से तनाव की स्थिति को देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साईं ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)